वर्ष-07 - अंक 275
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
रविवार,12 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी में दूध-दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर बड़ा प्रहार, 42 डेयरी ...... 3
स्वर्णिम लक्ष्यों के साथ 2047 तक कृषि महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर.... 4
आज ललितपुर में होगा 93.63 लाख पौधों का महाअभियान............ 11

### जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन

## जेपी ने लोकतंत्र और समाज सेवा को नई दिशा दी : अमित शाह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जेपी) के बहुआयामी व्यक्तित्व और लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि जेपी ने अपना पूरा जीवन समाज, लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। अमित शाह ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ऐसे विचारक और क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने जीवन में विभिन्न विचारधाराओं को अपनाया और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, लेकिन स्वतंत्रता के बाद सत्ता का हिस्सा बनने के बजाय समाज सेवा का मार्ग चुना। उन्होंने समाजवादी आंदोलन, विनोबा भावे के भूदान आंदोलन और सर्वोदय विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया। गृह मंत्री ने कहा कि जेपी के प्रयासों से चंबल क्षेत्र में 250 से अधिक डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया, जिससे चार राज्यों के 22 जिलों में डकैती की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ। उन्होंने इसे सामाजिक परिवर्तन का एक ऐतिहासिक उदाहरण बताया। आपातकाल का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि जेपी ने तत्कालीन सरकार का डटकर विरोध किया और बिहार तथा गुजरात के छात्र आंदोलनों का नेतृत्व करते हुए 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। उन्होंने



कहा कि आपातकाल के दौरान जेपी, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी सहित हजारों विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया था। उस समय राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का नारा 'अंधेरे में एक प्रकाश, जयप्रकाश' पूरे देश में लोकतंत्र की आवाज बन गया। उन्होंने कहा कि 1977 के आम चुनाव में पहली बार केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ, जिसमें जेपी के नेतृत्व और संघर्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य केवल कृषि, उद्योग या बाजार से नहीं, बल्कि उसके पुस्तकालयों में अध्ययन करने वाले युवाओं से तय होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का आधार ज्ञान और विवेक है तथा यह संस्कार पुस्तकालयों के माध्यम से विकसित होता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से पुस्तकालय जाने और पढ़ने की आदत विकसित करने की अपील करते हुए कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन व्यक्ति को सही और गलत का विवेक सिखाता है। उन्होंने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि बचपन में अपने कस्बे के पुस्तकालय से जुड़ने के कारण उनका अध्ययन वेदों और उपनिषदों तक पहुंचा।

## ऑकलैंड में पीएम मोदी का भारतीय समुदाय से संवाद
## बोले-भारत-न्यूजीलैंड संबंध नई ऊंचाइयों की ओर

**ऑकलैंड(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारत और न्यूजीलैंड के ऐतिहासिक संबंधों, साझा मूल्यों और भविष्य की साझेदारी पर विस्तार से अपनी बात रखी। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासी समुदाय को दोनों देशों के रिश्तों की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध अब नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने गले में पहने मफलर का जिक्र करते हुए भावनात्मक प्रसंग साझा किया। उन्होंने कहा कि यह मफलर उन्हें लगभग 25-30 वर्ष पहले न्यूजीलैंड के एक मित्र ने भेंट किया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने वर्षों तक इसे संभालकर रखा है और यह उनके प्रति भारतीय समुदाय के स्नेह और अपनत्व का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी इस यात्रा की सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड में बसे भारतीय समुदाय की बदौलत है, जिसने दोनों देशों के संबंधों को लगातार मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने संबोधन में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का उल्लेख करते हुए इसे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था, व्यापार और निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समझौता दोनों देशों



**मफलर से साझा की 30 साल पुरानी याद, चंद्रयान, हॉकी, कीवी संस्कृति और मुक्त व्यापार समझौते का किया उल्लेख**

के आर्थिक सहयोग को नई गति देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के रिश्ते केवल कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, बल्कि साझा इतिहास, दोस्ती, लोकतांत्रिक मूल्यों और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की पारंपरिक 'वाका' (Waka) संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार वाका लोगों को एक साथ लेकर आगे बढ़ती है, उसी तरह भारत और न्यूजीलैंड की साझेदारी भी नई यात्रा के लिए तैयार है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की लोकप्रियता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय के बीच लक्सन काफी लोकप्रिय हैं। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री लक्सन और विपक्ष के नेता क्रिस हिपकिंस द्वारा 'मस्त कलंदर' गीत पर किए गए नृत्य का जिक्र करते हुए इसे दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के लोगों की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऐसा देश है, जहां प्रतिभा के आधार पर भारतीय मूल के लोगों ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए हैं। उन्होंने निखिल रविशंकर, पूर्व गवर्नर जनरल आनंद सत्यानंद, क्रिकेटर रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी और एजाज पटेल जैसी हस्तियों का उल्लेख करते हुए उनकी उपलब्धियों को भारतीय समुदाय के लिए गर्व का विषय बताया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, विशेष रूप से चंद्रयान मिशन, के साथ-साथ हॉकी, रग्बी और खेलों के माध्यम से दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में मिलकर नई संभावनाओं का निर्माण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगा तथा भारतीय समुदाय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## हैदराबाद बनेगा हाई-स्पीड रेल हब, तीन दिशाओं में दौड़ेंगी बुलेट ट्रेनें



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय रेल मंत्री ने शनिवार को जानकारी दी कि हैदराबाद को तीन नए हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन कॉरिडोर से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद हैदराबाद देश के प्रमुख हाई-स्पीड रेल हब के रूप में उभरेगा। रेल मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-चेन्नई और हैदराबाद-बेंगलुरु हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की योजना को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दक्षिण भारत के प्रमुख औद्योगिक, आईटी और व्यापारिक शहरों के बीच तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल संपर्क स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इन हाई-स्पीड कॉरिडोर के शुरू होने से हैदराबाद सीधे देश के तीन बड़े आर्थिक केंद्रों से जुड़ जाएगा। इससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा, वहीं उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी

**पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु को जोड़ने वाले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की तैयारी; रेलवे विकास के लिए तेलंगाना को 5,400 करोड़ का बजट**

विकसित होंगे। उन्होंने इन परियोजनाओं को दक्षिण भारत के लिए 'गेम चेंजर' बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और राज्यों के बीच कनेक्टिविटी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने तेलंगाना में रेलवे अवसंरचना के विकास के लिए 5,400 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से राज्य में रेलवे परियोजनाओं को गति मिलेगी और आने वाले वर्षों में आधुनिक रेल सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। केंद्र सरकार का मानना है कि हाई-स्पीड रेल नेटवर्क का विस्तार देश में आधुनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा देगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नृपेंद्र मिश्र बोले- चढ़ावा चोरी 'कलंक', व्यवस्था में होगा सुधार

**ब्यूरो प्रयागराज।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर में सामने आए चढ़ावा चोरी प्रकरण को 'कलंक' बताते हुए कहा कि लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। ऐसे में इस प्रकार की घटना हम सभी को छोटा महसूस कराती है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार किए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। शनिवार को अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मंदिर के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है ।समिति की संस्तुति के आधार पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अंतिम निर्णय करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शनिवार को होने वाली बैठक पूरी तरह निर्माण कार्यों पर केंद्रित है। इस बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारी शामिल नहीं होंगे। बैठक में केवल निर्माण कार्य से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ परियोजना की प्रगति और शेष कार्यों की समीक्षा की जाएगी। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने राम मंदिर परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की थी। उन्होंने विश्वास जताया कि मंदिर परिसर में चल रहे शेष निर्माण कार्य 20 जुलाई तक पूरे कर लिए जाएंगे। साथ ही कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

### 72 घंटे बाद भी जारी रेस्क्यू, मृतकों की संख्या बढ़कर आठ

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के मोशी स्थित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में हुए भीषण हादसे के 72 घंटे बाद भी राहत एवं बचाव अभियान जारी है। शनिवार को अभियान के चौथे दिन मलबे से सात और शव बरामद किए गए, जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अब तक मलबे में फंसे 23 लोगों में से 14 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति की तलाश अभी भी जारी है। यह हादसा बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे उस समय हुआ, जब पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट में कचरे का विशाल ढेर अचानक प्रशासनिक भवन पर गिर गया। भारी दबाव के कारण तीन मंजिला इमारत पलभर में ढह गई। घटना के समय भवन में 23 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें से पांच लोग स्वयं बाहर निकलने में सफल रहे।

## उत्तराखंड में भारी बारिश का असर: 91 सड़कें बंद, 11 बांध-बैराज में जलस्तर खतरे के निशान के करीब

**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। राज्यभर में एक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और दो राज्य राजमार्ग (स्टेट हाईवे) सहित कुल 91 सड़कें बंद हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) बंद मार्गों को जल्द से जल्द खोलने के लिए युद्धस्तर पर राहत एवं मरम्मत कार्य में जुटा है। सबसे अधिक प्रभावित पौड़ी गढ़वाल जिला है, जहां 21 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा चमोली में 19, टिहरी में 17, पिथौरागढ़ में 10, उत्तरकाशी में एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 8, हरिद्वार में 4, बागेश्वर में 4, अल्मोड़ा में 3, रुद्रप्रयाग में 3, देहरादून में 1 और चंपावत में 1 सड़क पर



यातायात बाधित है। इधर, लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य के 11 बांध और बैराजों में जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। शुक्रवार सुबह उत्तरकाशी में भागीरथी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के समीप पहुंच गया था और इसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं कोटेश्वर और रुद्रप्रयाग क्षेत्र में भी नदी का जलस्तर खतरे के स्तर के करीब पहुंच गया। बदरीनाथ में अलकनंदा नदी का जलस्तर भी कुछ समय के लिए खतरे के निशान के करीब पहुंचा, हालांकि बाद में इसमें कमी दर्ज की गई। दूसरी ओर ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगा नदी का जलस्तर धीरे-धीरे घटने लगा है, जिससे प्रशासन को कुछ राहत मिली है। राज्य प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करने की अपील की है।

### छाती में धंसा चाकू निकालकर युवक की बचाई जान

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों ने एक बेहद जटिल सर्जरी कर छाती में धंसे चाकू के साथ पहुंचे युवक की जान बचाने में सफलता हासिल की है। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर केजीएमयू के कुलपति ने ऑपरेशन करने वाली पूरी मेडिकल टीम को बधाई दी है। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी निवासी सर्वेश पर 4 जुलाई की रात करीब नौ बजे चाकू से हमला किया गया था। हमले में चाकू उनकी दाहिनी छाती में गहरे तक धंस गया और फेफड़े के अत्यंत संवेदनशील हिस्से तक पहुंचकर प्रमुख रक्त वाहिकाओं को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।

## पार्टी जो कहेगी वही करूंगा, किसी से कोई नाराजगी नहीं : टिकट विवाद के बीच बोले नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल/दतिया(एजेंसी)।** दतिया विधानसभा उपचुनाव 2026 में टिकट को लेकर चल रही राजनीतिक चर्चाओं के बीच पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को भोपाल पहुंचकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह पार्टी के निर्णय का सम्मान करते हैं और संगठन जो जिम्मेदारी देगा, उसका पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। डॉ. मिश्रा ने अपने समर्थकों से धैर्य और संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता उनकी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई बात रखनी है तो वह पार्टी के निर्धारित मंच और प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखें। उन्हें विश्वास है कि कार्यकर्ता अनुशासन का परिचय देंगे और पार्टी की मर्यादा बनाए रखेंगे। भाजपा नेतृत्व से बातचीत के सवाल पर उन्होंने



कहा कि जो भी आवश्यक होगा, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की जाएगी। वहीं, दतिया से भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के चुनाव प्रचार और नामांकन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें दतिया जाना चाहिए और वह स्वयं भी नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। टिकट नहीं मिलने के बावजूद किसी तरह की नाराजगी से इनकार करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा, 'पार्टी जो कहेगी, वही करूंगा। मेरी किसी से कोई नाराजगी नहीं है।' जब उनसे पूछा गया कि टिकट कटने की जानकारी उन्हें कब मिली, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'जब आपको पता चला, तब मुझे भी पता चला।

### 13 जुलाई को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे राजनाथ सिंह

**लखनऊ(एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार, 13 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। अपने दौरे के दौरान वह लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा वह किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अनुसार, रक्षा मंत्री सोमवार सुबह 10:35 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे केजीएमयू जाएंगे, जहां सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित 22वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे और उपाधियां प्रदान करेंगे। दीक्षांत समारोह के बाद रक्षा मंत्री अपने सरकारी आवास जाएंगे। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे वह ला मार्टिनियर कॉलेज हेलीपैड से हेलीकॉप्टर के माध्यम से उन्नाव के लिए रवाना होंगे, जहां लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे।

## आरोपी हिजबुल कमांडर पर इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) को वर्ष 2013 के आतंकी हमले की जांच में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। एजेंसी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के नामित आतंकी इम्तियाज अहमद कंडू उर्फ फैयाज उर्फ सज्जाद के खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी कराया है। इससे आरोपी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाश और भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद है। एसआईए के अधिकारियों के अनुसार यह मामला वर्ष 2013 में उत्तर




कश्मीर के बारामुला जिले के तरजू क्षेत्र में हुए आतंकी हमले से जुड़ा है। इस हमले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के चार जवान शहीद हो गए थे। एजेंसी का कहना है कि रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद विभिन्न देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां आरोपी का पता लगाने, उसे हिरासत में लेने और कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत भेजने में सहयोग कर सकेंगी। जांच में सामने आया है कि सोपोर के क्रालटंग निवासी इम्तियाज कंडू वर्ष 2010 से प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय सदस्य और कमांडर रहा है। भारत सरकार ने अक्टूबर 2022 में उसे नामित व्यक्तिगत आतंकी घोषित किया था। यह मामला पहले तरजू थाने में दर्ज किया गया था, जिसे वर्ष 2024 में आगे की जांच के लिए एसआईए को सौंप दिया गया। विस्तृत जांच, साक्ष्यों के संग्रह और गवाहों से पूछताछ के बाद एजेंसी ने जुलाई 2024 में छह आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। जांच के दौरान नामजद छह आरोपियों में से तारीक अहमद मीर और कयूम नजर सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। वहीं जाविद अहमद मट्टू, रऊफ नजर और अहमदुल्ला मल्ला गिरफ्तार किए जा चुके हैं और उनके खिलाफ न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। मुख्य आरोपी इम्तियाज कंडू अब भी फरार है और उसके पाकिस्तान में छिपे होने की आशंका जताई गई है।

## रविवार को यूपी में 35 करोड़ पौधों का महाअभियान, गोरखपुर से सीएम योगी करेंगे शुभारंभ

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेशभर में होगा वृक्षारोपण, ऑनलाइन होगी पल-पल की मॉनिटरिंग

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार, 12 जुलाई को 'पौधरोपण महायज्ञ-2026 : एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में पौधरोपण कर इस राज्यव्यापी अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीम, पीपल और बरगद के पौधे लगाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे। वन विभाग के अनुसार, अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में किए जाने वाले पौधरोपण की प्रगति को वृक्षारोपण



सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। पौधरोपण की क्षण-प्रतिक्षण निगरानी की जाएगी, जिससे अभियान की पारदर्शिता और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। प्रदेश सरकार ने सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और आम नागरिकों से इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता को भी बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उप

**मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीम, पीपल और बरगद के पौधे लगाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत करेंगे। वन विभाग के अनुसार, अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में किए जाने वाले पौधरोपण की प्रगति को वृक्षारोपण सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य झांसी में तथा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में शामिल होकर पौधे लगाएंगे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस महाअभियान के माध्यम से हरित क्षेत्र का विस्तार करना, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का मुकाबला करना तथा जनसहभागिता के जरिए पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना है।

### बदरीनाथ चढ़ावा हेराफेरी: निलंबित कर्मचारी पहुंचा हाईकोर्ट
## याचिका पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, 16 जुलाई को सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बदरीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की 'थाली भेंट' की गिनती के दौरान कथित वित्तीय अनियमितता के आरोप में निलंबित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और संबंधित पक्षों से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी। नौटियाल ने अपने निलंबन आदेश और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की एकलपीठ के समक्ष हुई। याचिका के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को बदरीनाथ मंदिर समिति को सूचना मिली थी कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई 'थाली भेंट' की नकद राशि की गिनती के दौरान कथित अनियमितता हुई है। इसके बाद समिति अध्यक्ष के निर्देश पर एक विभागीय जांच समिति गठित की गई। प्रारंभिक जांच में समिति ने पाया कि मंदिर समिति के कर्मचारी प्रमोद नौटियाल ने कथित तौर पर सुबह 9:00 बजे से 9:30 बजे के बीच थाली भेंट की गिनती स्थल से नियमों का उल्लंघन करते हुए नकदी उठाई। जांच रिपोर्ट के आधार पर मंदिर समिति ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान ने कोतवाली श्री बदरीनाथ में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## संक्षिप्त खबरें

### बेटियों का जिस्म नोचता था पिता, अब पीछे पड़ी है पुलिस

**बस्ती।** बस्ती जिले केकलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पिता पर अपनी दो नाबालिग बेटियों से दुष्कर्म का आरोप लगा है। मां की तहरीर पर पुलिस ने कलियुगी बाप के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। पीड़ित बच्चियों का गुरुवार को मेडिकल परीक्षण कराया गया, और उनके बयान दर्ज किए गए। जानकारी मिली है कि आरोपी पिता मूल रूप से आंबेडकरनगर जनपद का निवासी है। वह अपनी पत्नी और 15 व 16 वर्षीय दो बेटियों के साथ कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में झोपड़ी में रहता है। महिला ने पुलिस को बताया कि वे दो अलग-अलग झोपड़ियों में रहते थे। उसकी अनुपस्थिति में पति अपनी बेटियों की झोपड़ी में जाकर उनके साथ दुष्कर्म करता था। बेटियों को इतना डराया-धमकाया गया था कि वे डर के मारे चुप रहती थीं। 14 जून को पिता कहीं गया था तो बेटियों ने उसके कुकृत्य की जानकारी दी। कलवारी के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि मामले की आगे की विवेचना जारी है।


### तमसा की अंतिम सांसें: जलकुंभी का कहर, गंदगी का तांडव

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय अकबरपुर से गुजरने वाली तमसा नदी का बड़ा हिस्सा इन दिनों जलकुंभी और गंदगी के साथ-साथ झाडियों में तब्दील हो चुका है।सबसे बड़ी बात तो यह है कि नगर पालिका अकबरपुर के द्वारा वार्ड क्षेत्र से निकलने वाला कचरा नदी के किनारे ही डंप किया जा रहा है।तमसा नदी सफाई के नाम पर पालिका द्वारा इस तरह स्वच्छता अभियान की एक ऐसी मुहीम चलाई जाती है कि जिम्मेदार अधिकारी भी तमसा नदी में सफाई करते नजर आते हैं ।नगर पालिका अकबरपुर के द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की मुहीम नदी के कुछ मीटर के हिस्से तक ही सीमित रह जाती है और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में सुर्खियां बटोरती है। उस दौरान की वो तस्वीर जिसमें जिम्मेदार सफाई करते नजर आते हैं।जबकि लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि बरसात के पहले नगर पालिका द्वारा तमसा नदी की अगर सही तरीके से साफ सफाई कराई जाए तो नदी के किनारे बने मकान और शहजादपुर नई सड़क के किनारे बने दुकानों में जल भराव जैसी समस्या कभी उत्पन्न ही न हो।

### यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**अंबेडकर नगर।** यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस की टीमों ने शहर के प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए। इन पंपलेट्स में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवर स्पीडिंग से बचना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि सभी चालक व पैदल यात्री यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, क्योंकि छोटी-छोटी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।स्थानीय नागरिकों और चालकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है। यातायात पुलिस भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बना रही है।

### पेड़ लगाइए जरूर, मगर पेड़ बचाइए — शिक्षक डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु'



**अंबेडकर नगर।** प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षक एवं पर्यावरण जागरूकता के प्रेरक डॉ. तारकेश्वर मिश्र 'जिज्ञासु' ने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों को जीवित रखना और उनका नियमित संरक्षण करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण प्रदूषण, बढ़ते तापमान और घटते वन क्षेत्र जैसी चुनौतियों का प्रभाव पूरी दुनिया पर दिखाई दे रहा है । ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. जिज्ञासु ने कहा कि एक विकसित पेड़ वर्षों तक हमें शुद्ध वायु, छाया, वर्षा संतुलन, जैव विविधता का संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करता है । यदि लगाए गए पौधे कुछ ही दिनों में सूख जाएं, तो पौधारोपण अभियान का उद्देश्य अधूरा रह जाता है । इसलिए प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधे को पेड़ बनने तक संरक्षित करने का संकल्प लें। उन्होंने विद्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से अपील की कि वे केवल औपचारिक पौधारोपण तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित सिंचाई, सुरक्षा, ट्री-गार्ड की व्यवस्था तथा समय-समय पर पौधों की देखरेख सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर लटका ताला

## मरीज बेहाल: पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग को पलीता लगा रहे हैं सीएमओ कर्मचारियों से और चिकित्सा अधिकारियों से मोटी रकम लेकर चिकित्सालय पर ड्यूटी न करने का बिगड़ा उठा लिए यही हाल जिला छह रोग अधिकारी है कि ए के गुप्ता और तम एम ऐसे स्वास्थ्य कर्मी हैं मोटी रकम लेकर के अपना क्लीनिक चला रहे हैं ताजा मामलाविकासखंड गौर अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर तेनुआ की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केंद्र पर अक्सर ताला लटका रहता है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। मजबूरी में गरीब परिवार झोलाछाप डॉक्टरों के पास महंगा इलाज कराने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर पूरी तरह उपेक्षा का शिकार है। केंद्र के आसपास गंदगी का अंबार लगा है, बड़ी-बड़ी घास उग आई है और परिसर में स्वच्छता का अभाव साफ दिखाई देता है। सबसे गंभीर बात यह है कि पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। परिसर में लगा हैंडपंप खराब पड़ा है और अन्य जलस्रोत भी अनुपयोगी हैं। भीषण गर्मी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को पानी तक नसीब नहीं हो रहा, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केंद्र कई दिनों से नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है और सीएचओ की अनुपस्थिति के कारण सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध रहें और मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं, तो क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सकती है। क्षेत्रवासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर के अधीक्षक डॉ. पुनीत पाण्डेय सहित संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से तत्काल जांच कर केंद्र को नियमित रूप से संचालित कराने, खराब हैंडपंप की मरम्मत कराने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा पीने के पानी सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को बाध्य होंगे।

## पुलिस पर फायरिंग के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेके कोतवाली पुलिस ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे तीन युवकों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, एक देशी सूतली बम, तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और 260 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मोती चन्द के नेतृत्व में पुलिस को सूचना मिली थी कि टोल प्लाजा के पास 8 से 10 मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ युवक लाठी-डंडे, तमंचे और बम के साथ किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। पुलिस के पहुंचते ही सभी युवक बड़ेवन की ओर भागने लगे। पीछा करने पर आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने सतर्कता और रणनीति से जवाबी कार्रवाई करते हुए मूड़घाट पुल के पास तीन आरोपितों को दबोच लिया, जबकि उनके कुछ साथी अंधेरे और ट्रैफिक का लाभ उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तुर्कहिया निवासी शिवांश सिंह उर्फ हर्ष (20), अली खान उर्फ गोलू (21) तथा जयपुरवा निवासी अहमद खान (22) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि अवैध तमंचे और बम उन्हें उनके फरार साथियों ने उपलब्ध कराए थे तथा बम बनाने और फेंकने का प्रशिक्षण भी दिया गया था। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दो आरोपितों के विरुद्ध पूर्व से एमएम भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने किया जिला पंचायत कार्यालय का उद्घाटन

**बस्ती।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। उद्घाटन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि जिला पंचायत कार्यालय जनसेवा का प्रमुख केंद्र है और यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर सुविधाएं एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए जिला पंचायत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।उन्होंने आगे कहा कि नए जिला पंचायत कार्यालय का निर्माण आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप किया गया है। इस भवन में अब तक के जिला पंचायत कार्यालयों की तुलना में सबसे बड़ा सभागार बनाया गया है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर महिलाअस्पताल परिसर मे हुई गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वीरांगना तलाश कुंवरि जिला महिला अस्पताल परिसर मे रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल की ओर से सीएमएस की अध्यक्षता मे गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडियोलाजिस्ट डा. आशुतोष शर्मा के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों को जनसंख्या नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों से खुद को जोड़ते हुये प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन डा. आशुतोष शर्मा ने किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने कहा कि आने वाला भविष्य पानी की गंभीर चुनौतियां लेकर आने वाला है, ऐसे मे हम सभी का दायित्व है कि पानी की बरबादी न करें। उन्होने यह भी कहा कि तेज गति से बढती हुई जनसंख्या की जवाबदेही सरकार की नही है। हमे खुद इसे नियंत्रित करने हेतु आगे आना चाहिये। डा. सुधांशु द्विवेदी ने जनसंख्या नियंत्रण हेतु किये जा रहे सरकारी प्रयासों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई और गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया उन्होने कहा एक सजग नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिये। रोटरी क्लब बस्ती सेन्ट्रल के चार्टर सचिव (एजी) ने अपने सम्बोधन मे कहा कि 1989 मे ही विश्व की जनसंख्या 5 अरब पार कर गई थी। आंकड़े आने के बाद संयुक्त राष्ट्र विकास परिषद ने 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस मनाने का संकल्प लिया था। नागरिकों को इसकी गंभीरता समझनी चाहिये। उन्होने रोटरी द्वारा संचालित किये गये कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, कहा स्वास्थ्य शिक्षा और स्वच्छ जल को लेकर रोटरी गंभीर है। उन्होने वर्तमान सत्र की थीम बताते हुये कहा कि इस सत्र के रोटरी ने ''युवाओं की उम्मीदों व आकांक्षाओं को साकार करना, आज और भविष्य के लिये'' थीम निर्धारित किया है। इस अवसर पर रोटरी के पदाधिकारियों ने सीएमएस को थीम आधारित मोमेन्टो दिया। अंत मे सीएमएस ने सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम मे डा. पीएल गुप्ता, रो. अध्यक्ष राजेश कुमार ओझा, सचिव मुनिरूद्दीन अहमद, उपाध्यक्ष त्रिपुरारी शंकर श्रीवास्तव, नरेश कुमार सडाना का योगदान रहा। डा. संतोष, डा. ममता, डा. सीमा चौधरी, डा. अनीता, बबिता मिश्रा, चन्द्रकली, अभिषेक रितेश उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**बलरामपुर।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को माह के दूसरे थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना रेहरा बाजार एवं थाना सादुल्लानगर में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का पारदर्शी एवं तथ्यपरक निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान इस प्रकार किया जाए कि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो और समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।

डीएम ने भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच करने तथा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के समन्वय से ही ऐसे मामलों का प्रभावी समाधान संभव है।

## बारिश ने दिया धोखा, पम्पिंगसेट के सहारे खेतों में उतरे किसान



### बढ़ी लागत फिर भी नहीं टूटी उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** मानसून की सुस्ती ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पर्याप्त बारिश न होने के कारण जिले के अधिकांश किसान अब पम्पिंगसेट से सिंचाई कर धान की रोपाई करने को मजबूर हैं। डीजल और बिजली की बढ़ती लागत के बावजूद किसान किसी तरह खेतों में पानी भरकर रोपाई पूरी करने में जुटे हैं, ताकि फसल समय से तैयार हो सके। सुबह से देर शाम तक खेतों में पम्पिंगसेट की आवाज़ गूंज रही है। किसान नहरों और ट्यूबवेल के पानी के सहारे खेत तैयार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर रोपाई नहीं हुई तो उत्पादन प्रभावित होगा और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। बारिश की कमी के चलते खेती की लागत भी लगातार बढ़ रही है। जहां पहले किसान प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर रहते थे, वहीं अब डीजल, बिजली और सिंचाई पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। इससे छोटे और सीमांत किसानों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि धान की रोपाई समय पर होना आवश्यक है। इसलिए जिन क्षेत्रों में बारिश नहीं हो रही है, वहां उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का उपयोग कर रोपाई पूरी करने की सलाह दी जा रही है। किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं।

उन्हें उम्मीद है कि जल्द अच्छी बारिश होगी, जिससे फसल को पर्याप्त पानी मिलेगा, सिंचाई का खर्च कम होगा और धान की अच्छी पैदावार से उनकी मेहनत रंग लाएगी। फिलहाल अन्नदाता बारिश का इंतजार करते हुए पम्पिंगसेट के भरोसे अपने सपनों की खेती बचाने में जुटा है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में पति समेत दो गिरफ्तार

### गला दबाकर हत्या करने का आरोप

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने दहेजट की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में मृतका का पति और उसका भाईट शामिल हैं। दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम मधपुर निवासी आस मोहम्मद ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन का विवाह 11त जून 2019 को ग्राम बल्दीडीह रघवापुर निवासी अफसर के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित करता था। सात जुलाई को बहन की मौत की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे, जहां शव घर के अंदर मिला। उन्होंने पति व अन्य ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर कोतवालीत देहात पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 103(1) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## घटिया सामग्री से कराया जा रहा नाली- निर्माण



### निर्माण शुरू होते ही जलभराव से उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर, पचपेड़वा।** विकास खंड पचपेड़वा की ग्राम पंचायत विशुनपुर विश्राम में जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे घाटिया समाग्री से निर्माण कार्य पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण निर्माण के दौरान ही कई स्थानों पर पानी का ठहराव होने लगा है। इससे कार्य की गुणवत्ता और निर्माण की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार नाली निर्माण का उद्देश्य बरसात के पानी की सुचारु निकासी है, लेकिन वर्तमान स्थिति में ही पानी जमा होने से लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि अभी से जलभराव हो रहा है तो बारिश के चरम समय में समस्या और बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री और कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए तथा यदि अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों पर खर्च होने वाला सरकारी धन तभी सार्थक होगा, जब निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और टिकाऊ तरीके से कराया जाए।

## राजस्व टीम की पैमाइश के बाद भी पैतृक भूमि पर नही हो पा रहा निर्माण कार्य

### बैनामे की समस्त भूमि NH 233 में है राजस्व टीम की पैमाइश के बाद हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के तहसील बस्ती सदर के अंतर्गत विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत बेइली में राजस्व टीम की पैमाइश के बाद भी पैतृक भूमि पर निर्माण कार्य रोकने का पीड़ित हैदर अली ने आरोप लगाया है। पीड़ित हैदर अली ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पैतृक भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को रोकने वाले महमूद हसन पुत्र सफात खां ग्राम - दुल्हापार थाना धनघटा जनपद संत कबीर नगर व अब्दुल अलीम पुत्र करमुल्लाह ग्राम अमिलहा थाना कलवारी जनपद बस्ती के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएं। आपको बता दें कि बस्ती टांडा अंबेडकर नगर रोड पर ग्राम पंचायत - बेइली स्थित एकता मैरिज हॉल के बगल गाटा संख्या - 842/0.541 का बैनामा महमूद हसन पुत्र मोहम्मद सफात खान ग्राम दुल्हापार तहसील धनघटा जिला संतकबीरनगर ने कराया था जिसमें अब्दुल अलीम पुत्र करमुल्लाह ग्राम - अमिलहा थाना - कलवारी जिला - बस्ती ने कराया था। बैनामा के कुछ दिन पश्चात बस्ती टांडा अंबेडकर नगर मार्ग का चौड़ीकरण हो रहा था इसमें बैनामे की कुछ जमीन सड़क में चली गई थी जिसका मुआवजा बैनामेदार को मिल चुकी है बाकी 5.5 एअर की भूमि शेष बचा है जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग की सीमा में आता है।

गाटा संख्या - 841/0.541 हे0 व 842/0.017 हे0 की पैमाइश दोनों पक्षों की सहमति पर दिनांक - 05-07-2026 को हुई थी जिसमें पक्ष विपक्ष ग्राम प्रधान व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। पैमाइश के दौरान स्पष्ट हुआ कि बैनामी की बची शेष भूमि संपर्क सीमा में आता है। हैदर अली द्वारा अपने पैतृक भूमि पर निर्माण कार्य कराने पर बैनामेदार द्वारा जबरन निर्माण कार्य रोका जा रहा है और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है । पीड़ित हैदर अली ने बताया कि बैनामेदार जिलाधिकारी को गलत शिकायत पत्र देकर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है जिससे हमारी काफी नुकसान हो रहा है। इस संबंध में ग्राम प्रधान शेर मोहम्मद ने कहा कि बैनामेदार दबंग भू माफिया है क्योंकि सही बात कहने पर हमको भी जान से मारने की धमकी दे रहा था ।जिसकी जांच कर कार्रवाई करना आवश्यक है उक्त प्रकरण में हल्का लेखपाल सरिता वर्मा ने बताया कि पीड़ित हैदर अली के द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य सही है लेकिन पीड़ित गरीब होने के कारण दबंग बैनामेदार द्वारा गलत तरीके से परेशान किया जा रहा है। जब कि विपक्षी की सहमति के आधार पर सभी की उपस्थिति में विवादित जमीन की पैमाइश हो चुकी है फिर जिलाधिकारी से शिकायत कर जिम्मेदार अधिकारियों को भ्रमित कर रहा है।

## शुकुल बाजार थाना समाधान दिवस में पहुंचीं 12 शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार (अमेठी)।** शुकुल बाजार थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा एवं नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में क्षेत्र के फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 12 शिकायतें दर्ज कराई। आयोजित समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। प्राप्त शिकायतों में से दो मामलों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई।शेष 10 शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयावधि में उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित फरियादी उपस्थित रहे।

## नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन



**बस्ती।** बस्तीजिले के विकास खण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पटखौली राजा में नवनिर्मित अन्नपूर्णा का फीता काट कर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बस्ती/ असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने अन्नपूर्णा भवन पर विधिवत पूजा अर्चना की। उद्घाटन समारोह के दौरान 07 राशन कार्ड धारकों को कोटेदार द्वारा मुख्य अतिथि ने राशन वितरित कराया।

पूर्व सांसद/ असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार गरीबों को हर संभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतिदिन गरीबों के न्याय हित में कार्य कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, राशन समेत अन्य योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है जिसका लाभ प्रत्येक गरीब व असहाय एवं पात्र परिवारों को मिल रहा है।

## जनसेवा के संकल्प के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र का मनाया गया जन्मदिन

### सैकड़ों समर्थकों रहे मौजूद किया भव्य अभिनंदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं छह बार लगातार जिला उपाध्यक्ष रहे गिरीश चंद्र शुक्ला का जन्मदिन शनिवार को शुकुल बाजार क्षेत्र में उत्साह, सामाजिक सरोकार और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में सैकड़ों समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए केक काटा और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां साझा कीं। जन्मदिन समारोह की विशेषता पर्यावरण संरक्षण का संदेश रहा। गिरीश चंद्र शुक्ला ने अपने निकट सहयोगियों और समर्थकों के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का भी दिन है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। यह आयोजन कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक एवं शुकुल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ला के सौजन्य से संपन्न हुआ। समारोह में वक्ताओं ने गिरीश चंद्र शुक्ला के लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन और समाज दोनों के लिए निरंतर कार्य किया है। क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित पूरे रग्घू शुक्ला गांव के निवासी गिरीश चंद्र शुक्ला को ब्राह्मण समाज का अग्रणी चेहरा तथा क्षेत्र के लोकप्रिय जननेता के रूप में जाना जाता है। भाजपा संगठन में छह बार लगातार जिला उपाध्यक्ष रहने का उनका लंबा अनुभव कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। समारोह में उद्योगपति मानवेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शुक्ला, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप शुक्ला, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बख्श सिंह, किसान नेता हरिकेश तिवारी, भाजपा नेता शुभम शुक्ला, रजत शुक्ला, समाज सेवी पीके तिवारी,शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, विनय चौरसिया, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, सत्यम शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, पत्रकार दीपक पाठक, दिनेश तिवारी, विनय मिश्रा, आवेश शुक्ला, रमेश गिरी, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने गिरीश चंद्र शुक्ला के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सक्रिय सार्वजनिक जीवन की कामना की। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के संदेश के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# यूपी में दूध-दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर बड़ा प्रहार, 42 डेयरी इकाइयों पर छापे

**116 नमूने जांच के लिए भेजे गए, 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त; 28.50 लाख की सामग्री सीज, 9 क्विंटल अनुपयोगी खाद्य पदार्थ नष्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शनिवार को प्रदेशव्यापी विशेष अंतरजनपदीय प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान 42 डेयरी इकाइयों, मिल्क चिलिंग सेंटर, मिल्क कलेक्शन सेंटर और दुग्ध उत्पाद निर्माण प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर व्यापक जांच की गई। गंभीर अनियमितताएं मिलने पर अमरोहा, अलीगढ़, बदायूं और मथुरा में चार एफआईआर दर्ज कराई गई। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर संचालित इस अभियान में 27 अंतरजनपदीय टीमों ने प्रदेश के चिन्हित जिलों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता व्यवस्था, कच्चे माल की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबलिंग और संभावित मिलावट की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान 116 खाद्य नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इसके अलावा 34 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 28.50 लाख रुपये है। वहीं अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे गए और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए 9 क्विंटल खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 8.50 लाख रुपये बताई गई है।

**इन जिलों में हुई बड़ी कार्रवाई**

**मथुरा:** अनीता डेयरी में पहले से सील प्रतिष्ठान को खोलकर बिना लाइसेंस खाद्य पदार्थों का निर्माण करते पाए जाने पर दो नमूने लिए गए और एफआईआर दर्ज कराई गई।

**अमरोहा:** उमंग डेयरी लिमिटेड से पांच नमूने लिए गए। यहां से 5,000 किलोग्राम व्हे पाउडर और 27,875 किलोग्राम स्क्रैप पाउडर जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 25.49 लाख रुपये है। साथ ही 699 किलोग्राम बटर और 99 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया। जांच में वेजिटेबल फैट और प्रतिबंधित अपमिश्रकों से बटर तैयार किए जाने की पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज की गई।

**अलीगढ़:** ग्राम सुदेशपुर, चंडौस स्थित बरकत अली की पनीर निर्माणशाला से नौ नमूने लिए गए। मौके पर 200 लीटर दूध और 400 किलोग्राम नकली पनीर नष्ट कराया गया। नकली पनीर बनाने में अपमिश्रकों के उपयोग के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई।

**बदायूं:** ग्राम कोल्हाई स्थित कादरी डेयरी से आठ नमूने लिए गए। यहां से चीनी, रिफाइंड पामोलीन ऑयल और घी जब्त किया गया। साथ ही 78 लीटर अपमिश्रित दूध नष्ट कराया गया। जांच में नकली दूध और घी तैयार करने के लिए रिफाइंड ऑयल व अन्य अपमिश्रकों के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज कराई गई।

इसके अलावा राधिका डेयरी, बलदेव रोड, मथुरा से तीन नमूने लेकर 88 किलोग्राम घी जब्त किया गया तथा 130 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया। वहीं मधु डेयरी, सादाबाद रोड, मथुरा से चार नमूने लेकर मिलावट के संदेह में 104 किलोग्राम घी जब्त किया गया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान छोटे दुकानदारों, खुदरा कारोबारियों और हाकरों का अनावश्यक उत्पीड़न न किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्रवाई संगठित रूप से मिलावट करने वाले तत्वों के खिलाफ लगातार जारी रहेगी, ताकि आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जा सकें।

# बैकुंठधाम रोड से लक्ष्मण मेला घाट रोड तक चला वृहद स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के निर्देश पर जोन 1 के अंतर्गत बैकुंठधाम रोड से लक्ष्मण मेला घाट रोड तक वृहद स्तर पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। जोन 1 के ज़ोनल ऑफिसर ओमप्रकाश जी के नेतृत्व एवं एलएसए के रिजनल डायरेक्टर अभय रंजन जी की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करना, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। अभियान के दौरान सड़क एवं फुटपाथों की व्यापक सफाई कराई गई। इसके साथ ही यांत्रिक मशीनों से मार्गों की धुलाई की गई, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता और बेहतर हो सके। सड़क किनारे उगी जंगली घास एवं खरपतवारों की वैज्ञानिक पद्धति से कटाई कराई गई तथा उनकी दोबारा वृद्धि रोकने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप खरपतवारनाशी (वीडिसाइड) का छिड़काव भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अभियान के दौरान छठ घाट परिसर में पौधरोपण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस विशेष अभियान में एसएफआई (SFI) संजीव , प्रोजेक्ट हेड आकांक्षा दीक्षित, ज़ोनल अधिकारी (LSA) हिमांशु शुक्ला , एचआर हेड सैय्यद अली जाफ़री तथा सुदीक्षा फाउंडेशन के श्री शिवम पांडे एवं उनकी टीम सहित 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा को महापौर सुषमा खर्कवाल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर नगर निगम लखनऊ के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी' सहित कई पार्षद भी मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने मंत्री ए.के. शर्मा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी और यशस्वी जीवन की कामना की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि ए.के. शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में नगर विकास, शहरी आधारभूत सुविधाओं और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। महापौर ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि मंत्री को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनसेवा का निरंतर सामर्थ्य प्राप्त हो तथा उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे।

# बीजेएसपी जिला अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जताया आक्रोश

**अभियुक्त महेन्द्र सोनी के खिलाफ डीजीपी , पुलिस आयुक्त मुंबई, नोडल अधिकारी साइबर क्राइम और SP बांदा को भेजा पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने फोन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सूचना दी कि जब वे गांव स्योंढा जा रहे थे तो कुछ लोगों ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि 'मरवा जाओगे, ऐ होगा वो होगा। इस गंभीर मामले पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह ने कहा कि पार्टी पहले ही इस संबंध में अभियुक्त महेन्द्र सोनी निवासी मुंबई कथित RSS कैडर के विरुद्ध शिकायत पत्र तैयार कर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, पुलिस आयुक्त मुंबई, नोडल अधिकारी साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ और पुलिस अधीक्षक बांद को स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेज चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह का बयान: BJSP के कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने वाले चाहे कितने भी बड़े हों, हम डरने वाले नहीं हैं। हमने शिकायत पत्र सभी बड़े अधिकारियों को भेज दिया है।**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह ने आज बताया कि जिला बांदा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव को कुछ अराजक तत्वों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आज दिनांक 11.07.2026 को सुबह 9:35 बजे जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने फोन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सूचना दी कि जब वे गांव स्योंढा जा रहे थे तो कुछ लोगों ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि 'मरवा जाओगे, ऐ होगा वो होगा ।

इस गंभीर मामले पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह ने कहा कि पार्टी पहले ही इस संबंध में अभियुक्त महेन्द्र सोनी निवासी मुंबई कथित RSS कैडर के विरुद्ध शिकायत पत्र तैयार कर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, पुलिस आयुक्त मुंबई, नोडल अधिकारी साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ और पुलिस अधीक्षक बांद को स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेज चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज मोहन सिंह का बयान: BJSP के कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने वाले चाहे कितने भी बड़े हों, हम डरने वाले नहीं हैं। हमने शिकायत पत्र सभी बड़े अधिकारियों को भेज दिया है। महेन्द्र सोनी और उसके आदमी जिला अध्यक्ष का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हम रजिस्टर्ड पार्टी हैं और कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। अगर जिला अध्यक्ष को एक खरोंच भी आई तो BJSP पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। पुलिस प्रशासन से मांग है कि 24 घंटे में दोषियों को गिरफ्तार कर सुरक्षा मुहैया कराई जाए।' राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।भारतीय जन समाज पार्टी की मांग: 1. तत्काल FIR दर्ज कर अभियुक्त महेन्द्र सोनी और उसके साथियों की गिरफ्तारी हो। 2. जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए। 3. साइबर सेल द्वारा धमकी देने वालों की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

# पार्षद ललित किशोर तिवारी, बारिश में भी संभाल रहे सफाई व्यवस्था



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के फैजुल्लागंज वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी जीत के बाद से ही क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। वह प्रतिदिन वार्ड का भ्रमण कर लोगों से सीधे संवाद करते हैं और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का प्रयास कर रहे हैं। सुबह से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का आना-जाना लगा रहता है, जहां वे सड़क, पेयजल, जल निकासी, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराते हैं। पार्षद तिवारी इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करवा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि से बातचीत में ललित किशोर तिवारी ने कहा कि उनका लक्ष्य फैजुल्लागंज वार्ड को लखनऊ के 110 वार्डों में सबसे स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित वार्ड बनाना है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी है। पार्षद तिवारी ने कहा कि मौसम चाहे कैसा भी हो, वे लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं का जायजा लेते हैं और साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हैं। बारिश के दौरान जलभराव और जल निकासी की समस्याओं को दूर कराने के लिए भी वे लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा, बूथ सशक्तीकरण पर रहेगा पूरा फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में आगामी चुनावी तैयारियों, बूथ सशक्तीकरण और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नई कार्यकारिणी तथा विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा की और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। पार्टी ने प्रत्येक बूथ को भाजपा की जीत का मजबूत आधार बनाने और विपक्ष के खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाने का निर्णय लिया।

### सराफा कारोबारी से 13.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**लखनऊ।** लखनऊ के चौक सराफा कारोबारी राजकुमार वर्मा ने पवन रस्तोगी और उसके साथियों पर 13.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोपियों ने सोने के जेवरात गिरवी रखकर रुपये लिए, पर तय समय पर न तो जेवरात लौटाए और न ही रकम वापस की। राजकुमार वर्मा के अनुसार, चौक में उनकी सोने-चांदी की दुकान है। पवन रस्तोगी, सुधीर सोनी, प्रदीप मिश्रा और विवेक रस्तोगी से उनकी जान-पहचान थी। इन लोगों ने कई बार जेवरात रखकर रुपये लिए और समय पर लौटा दिए। इससे उनको उन पर विश्वास हो गया।30 मई 2024 से पांच अगस्त 2025 के बीच आरोपियों ने सात बार जेवरात गिरवी रखकर 13.75 लाख रुपये लिए। इनमें सोने की लड़, चूड़ियां और चेन शामिल थीं। रुपये मांगने पर पवन रस्तोगी और उसके साथियों ने टालमटोल शुरू कर दी। 10 दिसंबर 2025 को पवन रस्तोगी ने 13.75 लाख रुपये का यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का चेक दिया, बाउंस हो गया। उन्होंने चौक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# मलिहाबाद में 30 वर्षीय युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, पुलिस ने जारी की गुमशुदगी की सूचना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर आमजन से सहयोग की अपील की है। मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, पंकज 5 जुलाई की रात करीब 12 बजे से लापता हैं। उनका पता मोहल्ला बस्ती धनवन्तराय कस्बा, थाना मलिहाबाद, जनपद लखनऊ बताया गया है।**

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला बस्ती धनवन्तराय कस्बा निवासी 30 वर्षीय पंकज पुत्र श्रीराम बीती 5 जुलाई 2026 की रात से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। युवक के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता का माहौल है। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर आमजन से सहयोग की अपील की है। मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, पंकज 5 जुलाई की रात करीब 12 बजे से लापता हैं। उनका पता मोहल्ला बस्ती धनवन्तराय कस्बा, थाना मलिहाबाद, जनपद लखनऊ बताया गया है। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा जारी गुमशुदगी सूचना के अनुसार, पंकज का रंग सांवला, चेहरा गोल, शरीर दुबला-पतला तथा कद लगभग 5.5 फीट है। पुलिस ने यह भी बताया है कि उनकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं बताई गई है, जिसके चलते उनकी सुरक्षित बरामदगी को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मलिहाबाद पुलिस लगातार युवक की तलाश में जुटी हुई है और संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है। आसपास के थानों को भी सूचना भेजी गई है ताकि युवक का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को पंकज के संबंध में कोई भी जानकारी मिले या वह कहीं दिखाई दें, तो तत्काल थाना मलिहाबाद पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि नागरिकों की एक छोटी-सी सूचना भी युवक को सकुशल खोजने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# मुख्यमंत्री योगी के संभावित आगमन से गोविंद साहब धाम में हलचल तेज, तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**आलापुर, अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र स्थित महात्मा गोविंद साहब की पावन तपोस्थली अहिरौली गोविंद साहब के संभावित दौरे को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यदि गोविंद साहब धाम पहुंचते हैं तो माना जा रहा है कि वह संत परंपरा और सामाजिक समरसता का संदेश देने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कर सकते हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि महात्मा गोविंद साहब की तपोस्थली का व्यापक कायाकल्प कराया जाएगा तथा इसे प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में विकसित करने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। क्षेत्रवासियों को यह भी आशा है कि पूर्वांचल के ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध गोविंद साहब मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्रदान करने की घोषणा हो सकती है। वर्षों से चली आ रही इस मांग के पूरी होने से धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलने के साथ स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बड़ा लाभ मिलेगा। इसी के साथ रामनगर, कटेहरी और भीटी बाजार को नगर पंचायत बनाए जाने की चर्चाएं भी तेज हैं। विशेष रूप से रामनगर को नगर पंचायत बनाए जाने की सभी आवश्यक कागजी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शासन स्तर पर अंतिम स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के दौरान इस संबंध में महत्वपूर्ण घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# राम मंदिर ट्रस्ट की समितियां होंगी भंग, 22 जुलाई की बैठक में होंगे बड़े फैसले

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाने जा रहा है। 22 जुलाई को मणिराम दास छावनी में प्रस्तावित ट्रस्ट की बैठक में मौजूदा समितियों को भंग कर उनके पुनर्गठन सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट की विभिन्न समितियों में नए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपे जाने की संभावना है, ताकि मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में चढ़ावे की गणना प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बैंक के साथ नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर भी चर्चा होगी। एसआईटी की प्रारंभिक जांच में चढ़ावे की गणना एवं निगरानी व्यवस्था में कई खामियां सामने आने के बाद ट्रस्ट ने प्रक्रिया में सुधार का निर्णय लिया है। इसी क्रम में नए गणनाकर्मियों की भर्ती की योजना पर भी विचार किया जाएगा। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव डॉ. कृष्ण मोहन ने सभी ट्रस्टियों को बैठक की सूचना भेज दी है। मुख्य बैठक 22 जुलाई को शाम चार बजे होगी, जबकि इससे पहले दोपहर तीन बजे विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। विशेष बैठक में ट्रस्ट के तीन रिक्त पदों पर नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जाएगा। इनमें पूर्व महासचिव चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्र के इस्तीफे से रिक्त हुए दो पद तथा राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन के बाद खाली हुआ एक सदस्य पद शामिल है।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं को योगी सरकार का तोहफा, 74 जिलों में लगेंगे वृहद रोजगार मेले

**13 और 14 जुलाई को आयोजित होंगे रोजगार मेले, 'जीरो पॉवर्टी' अभियान के युवाओं और दिव्यांगजनों को मिलेगी विशेष प्राथमिकता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हर हाथ को हुनर, हर हुनर को रोजगार' संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (क्क्ष्ठरू) 13 और 14 जुलाई को प्रदेश के 74 जिलों में वृहद राज्य स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन करेगा। इन रोजगार मेलों के माध्यम से प्रशिक्षित एवं शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कौशल विकास को नई पहचान दिलाई है। आज उत्तर प्रदेश के आईटीआई और स्किल सेंटर से प्रशिक्षित युवा देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 74 जिलों में एक साथ आयोजित रोजगार मेले 'हर हुनर को सम्मान, हर युवा को रोजगार' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चिन्हित अत्यंत गरीब परिवारों के युवाओं और दिव्यांगजनों को रोजगार मेलों में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े युवाओं तक रोजगार के अवसर पहुंचाना है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि रोजगार मेलों का आयोजन जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारियों (सीडीओ) तथा कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयकों के समन्वय से किया जाएगा। जिलाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल चयन, निजी उद्योगों एवं कंपनियों को आमंत्रित करने तथा प्रशिक्षित युवाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन रोजगार मेलों में प्रदेश का कोई भी इच्छुक युवा-युवती भाग ले सकता है। यूपीएसडीएम, डीडीयू-जीकेवाई (DDU-GKY) तथा 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत प्रशिक्षित युवाओं के अलावा औपचारिक शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। 'जीरो पॉवर्टी अभियान' से जुड़े युवाओं को चयन प्रक्रिया में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। रोजगार मेलों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप, सुगम आवागमन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पंजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी मेला स्थलों पर क्यूआर कोड की व्यवस्था होगी। सुरक्षा के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती तथा पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद रहेगा। मिशन निदेशक ने बताया कि प्रत्येक रोजगार मेले के समापन के बाद संबंधित जिला प्रशासन चयनित एवं नियुक्त युवाओं की अंतिम रिपोर्ट मिशन मुख्यालय को भेजेगा, ताकि रोजगार उपलब्ध कराने की पूरी प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी की जा सके।

### नई रणनीति के साथ विधानसभा चुनावी मैदान में उतरी सपा, हर बूथ पर तैयार होंगे 50 डिजिटल योद्धा

**लखनऊ।** आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) ने प्रदेशव्यापी घर-घर संपर्क अभियान की शुरुआत कर दी है। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जिला एवं शहर इकाइयों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके जरिए सपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल नेटवर्क का भी विस्तार करेगी। पार्टी की रणनीति के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के गांवों, कस्बों और शहरी मोहल्लों में कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे। इस दौरान पार्टी की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भावी चुनावी घोषणाओं से संबंधित पत्रक वितरित किए जाएंगे। साथ ही आमजन को यह बताया जाएगा कि सपा की सरकार बनने पर प्रदेश में किस प्रकार के विकास और जनहितकारी कार्य किए जाएंगे। सपा की योजना के अनुसार प्रत्येक बूथ पर 50 नए 'डिजिटल योद्धा' जोड़े जाएंगे।

**सूचना**

**मैं कोएनेज एग्जिम प्रा0 लिमिटेड पुणे**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से जारी अध्यादेश S.0.2900 (L) दिनांक 24.10.2015 के अनुसार निम्नलिखित सौ प्रतिशत घुलनशील खाद भारत में आयात/निर्यात कर उसे प्रदेश में बिक्री करने के लिये उत्सुक हैं।
**उक्त खाद के प्रकार निम्न हैं** NPK-100% Water Soluble (19:19:19, 20:20:20, 13:40:13, 16:08:24, 30:10:10, 13:05:26, 24:24:00, 15:25:15, 00:60:20, 09:27:18, 00:44:29, 14:48:00, 28:28:00, 20:10:10, 06:12:36, 14:08:32, 05:05:46, 00:40:40, 12:32:16, 08:08:08, 1:9:00:42, 20:10:10, 25:10:10, 15:15:10, 07:40:28, 10:55:10, 30:15:10, 00:40:37, 15:08:30, 00:48:47, 007:40:28, 00:00:50, 10:05:35 +TE, 00:42:47 +2.8Fe,), मोनो अमोनियम फास्फेट 12:610, मोनो पोटेशियम फास्फेट 0:52: 34, पोटेशियम नाईट्रेट 13: 0:45 इत्यादि । **कार्यालय- कोएनेज एग्जिम प्रा0 लिमिटेड, सी-203, कंचनगंगा, शिवानन्द गार्डनस, कोथूड पुणे - 411038, महाराष्ट्र**

# संपादकीय

## यूपी की जिला पंचायतों में नया प्रयोग

उत्तर प्रदेश की पंचायत व्यवस्था एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। राज्य सरकार ने सभी 75 जिलों के जिला पंचायत अध्यक्षों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें ही प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि अब तक कार्यकाल समाप्त होने पर आमतौर पर प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशासक बनाया जाता था, लेकिन पहली बार निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों को ही सीमित अधिकारों के साथ प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार का कहना है कि इससे विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी, जबकि विपक्ष इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायत चुनावों में देरी से जोड़कर सवाल उठा रहा है। क्या है सरकार का फैसला ?- उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्षों का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार ने सभी मौजूदा अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त कर दिया है। हालांकि, उन्हें केवल नियमित प्रशासनिक और आवश्यक कार्यों तक ही सीमित रखा गया है। वे कोई नई योजना, बड़े वित्तीय निर्णय या नीतिगत फैसले नहीं ले सकेंगे। उनका मुख्य दायित्व पंचायत प्रशासन को सुचारु रूप से चलाना होगा, जब तक कि नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते। पहले क्या व्यवस्था थी ?- अब तक यदि किसी पंचायत निकाय का कार्यकाल समाप्त हो जाता था और समय पर चुनाव नहीं हो पाते थे, तो संबंधित प्रशासनिक अधिकारी को प्रशासक बनाया जाता था। जिला पंचायतों में यह जिम्मेदारी प्राय: वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के पास जाती थी। इस बार सरकार ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही यह जिम्मेदारी देकर एक अलग व्यवस्था लागू की है। सरकार का तर्क है कि चुने हुए प्रतिनिधि स्थानीय आवश्यकताओं और विकास कार्यों को बेहतर ढंग से समझते हैं। सरकार की दलील- सरकार का कहना है कि पंचायत चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने तक विकास कार्य पूरी तरह रुकने नहीं चाहिए। यदि पूरी व्यवस्था अधिकारियों के भरोसे छोड़ दी जाए तो स्थानीय स्तर पर कई कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए निर्वाचित अध्यक्षों को सीमित अधिकारों के साथ प्रशासक बनाना प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने का बेहतर तरीका है। साथ ही सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रशासक के रूप में वे केवल नियमित कार्य करेंगे और कोई बड़ा निर्णय नहीं ले पाएंगे। विपक्ष के आरोप- विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार पंचायत चुनाव समय पर कराने में असफल रही है और प्रशासक नियुक्त कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लंबा खींच रही है। उनका कहना है कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जल्द से जल्द नए चुनाव कराए जाने चाहिए। विपक्ष इसे पंचायत चुनावों में देरी का परिणाम बता रहा है। कानूनी और संवैधानिक पहलू,- इसी तरह ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी सरकार से संवैधानिक आधार पर सवाल पूछे हैं। याचिकाओं में कहा गया है कि कहीं यह व्यवस्था निर्वाचित प्रतिनिधियों के कार्यकाल को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ाने जैसी तो नहीं है। अदालत ने सरकार से इस संबंध में जवाब मांगा है। ऐसे में जिला पंचायत अध्यक्षों के मामले पर भी कानूनी और संवैधानिक बहस तेज हो सकती है। क्या होंगे प्रशासकों के अधिकार ?- प्रशासक के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष—0नियमित प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे। आवश्यक भुगतान और दैनिक कार्यों की निगरानी करेंगे। नई योजनाओं की शुरुआत नहीं करेंगे। बड़े वित्तीय या नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेंगे। चुनाव होने तक व्यवस्था बनाए रखना का कार्य करेंगे। पंचायत चुनावों पर नजर- अब सबसे बड़ा सवाल पंचायत चुनावों की समयसीमा को लेकर है। यदि चुनाव शीघ्र कराए जाते हैं तो यह व्यवस्था केवल अस्थायी साबित होगी। लेकिन यदि चुनाव में अधिक विलंब होता है तो सरकार को राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर आलोचना का सामना करना पड़ सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग भविष्य में चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा। उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बनाए जाने का निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से नया प्रयोग माना जा सकता है। सरकार इसे विकास कार्यों की निरंतरता का माध्यम बता रही है, जबकि विपक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया और समय पर चुनाव कराने की आवश्यकता पर जोर दे रहा है। आने वाले दिनों में न्यायालय की टिप्पणियां, राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारियां और पंचायत चुनावों की घोषणा इस पूरे मुद्दे की दिशा तय करेंगी। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि प्रशासकों को सीमित अधिकार दिए गए हैं और उनका कार्य पंचायत प्रशासन को सुचारु बनाए रखना है, न कि बड़े नीतिगत फैसले लेना।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष** -मेष राशि के जातकों को आज अपने अधूरे कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता होगी। दूसरों की समस्याओं में अधिक समय लगाने से पहले अपने दायित्व पूरे करना बेहतर रहेगा। प्रतिस्पर्धी माहौल में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृषभ** -वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन सूझबूझ और बेहतर प्रबंधन का रहेगा। कठिन परिस्थितियों का समाधान निकालने में सफलता मिल सकती है। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास मजबूत होगा।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों को आज अपनी मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। हालांकि किसी भी विवाद या अनावश्यक बहस से दूरी बनाए रखना उचित रहेगा। कार्यक्षेत्र में धैर्य बनाए रखने से आगे चलकर लाभ मिल सकता है।

**कर्क** -कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन उपलब्धियों से जुड़ा हो सकता है। मेहनत और समर्पण के बल पर महत्वपूर्ण सफलता मिलने की संभावना है। प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। परिवार और करीबी लोगों का सहयोग मिलेगा तथा नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं।

**सिंह**-सिंह राशि के जातकों के लिए आज प्रभावशाली लोगों से मुलाकात के अवसर बन सकते हैं। भविष्य की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह समय अनुकूल माना जा सकता है। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में मजबूत महसूस होगी।

**कन्या** -कन्या राशि के जातकों के लिए भाग्य का साथ मिलने से लंबे समय से रुके कार्यों में प्रगति हो सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार में विशेषकर भाई-बहनों के साथ संबंध पहले से बेहतर हो सकते हैं। कार्यों में निरंतरता बनाए रखना लाभदायक रहेगा।

**तुला** -तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। व्यापार में सफलता मिलने की संभावना है, लेकिन कुछ प्रशासनिक कार्यों में विलंब हो सकता है। पुराने परिचितों से मुलाकात हो सकती है। निजी संबंधों में अपेक्षाएं बढ़ सकती हैं, इसलिए धैर्य और समझदारी से काम लेना उचित रहेगा।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि के जातक आज अपने संसाधनों और सुविधाओं में वृद्धि के लिए प्रयासरत रहेंगे। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलने की संभावना है। महत्वपूर्ण निर्णय आपके पक्ष में जा सकते हैं। दैनिक जीवन में सुविधाओं का विस्तार होने के संकेत भी मिल रहे हैं।

**धनु** -धनु राशि के जातकों के लिए आज कुछ नए अवसर सामने आ सकते हैं। निर्माण और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में लाभ मिलने की संभावना है। हालांकि किसी नए कार्य की शुरुआत करने से पहले पूरी योजना बनाना आवश्यक रहेगा। निजी संबंधों में अपेक्षित परिणाम न मिलने से मन थोड़ा विचलित हो सकता है।

**मकर** -मकर राशि के जातकों के लिए आज शिक्षा और अध्ययन से जुड़े कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का समय रहेगा। एकाग्रता के साथ किए गए प्रयास भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। निजी जीवन में नए संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ सकता है। अनावश्यक यात्राओं से बचना बेहतर रहेगा।

**कुंभ** -कुंभ राशि के जातकों के लिए आज सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सम्मान बढ़ने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में प्रभाव मजबूत हो सकता है। आलोचनाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करने पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। निजी संबंधों में विश्वास और मजबूती बनी रहेगी।

**मीन** -मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन राहत देने वाला साबित हो सकता है। लंबे समय से चली आ रही मानसिक चिंताओं में कमी आएगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा और संतान से जुड़ी खुशखबरी मिलने की संभावना है।

# स्वर्णिम लक्ष्यों के साथ 2047 तक कृषि महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश, देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर होने के साथ-साथ भारत की कृषि व्यवस्था का भी मुख्य आधार स्तंभ माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजनरी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित होकर कार्य कर रही है। ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन'' के अंतर्गत राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र को आधुनिक, तकनीक-संचालित, टिकाऊ और अत्यधिक लाभकारी बनाने का एक महा-संकल्प लिया है। डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों, सुशासन और दूरदर्शी विजन का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक राज्य को एक वैश्विक कृषि महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस महान उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश की संभावित छह ट्रिलियन डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था में अकेले कृषि क्षेत्र से एक ट्रिलियन यू0एस0 डॉलर का योगदान सुनिश्चित करने का एक अभूतपूर्व और अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस विराट संकल्प को सिद्ध करने के लिए राज्य सरकार संपूर्ण प्रदेश में नवाचार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है तथा जलवायु अनुकूल प्रजातियों को निरंतर विकसित कर रही है। इस ऐतिहासिक आर्थिक महा-लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डबल इंजन सरकार भूमि के कण-कण का प्रभावी उपयोग कर किसानों की समृद्धि सुनिश्चित कर रही है। वर्तमान समय में प्रदेश की फसल सघनता जो वर्ष 2023-24 में 182 प्रतिशत दर्ज की गई है, उसे विजन 2047 के तहत बढ़ाकर 250 प्रतिशत तक करने का शानदार और प्रभावी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा बेहतर सिंचाई प्रबंधन, वैज्ञानिक फसल नियोजन, गुणवत्ता युक्त कृषि निवेशों के सुचारू प्रबंधन और सर्वोत्कृष्ट नवीन तकनीकों को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसके साथ ही फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार ने वर्ष 2047 तक खाद्यान्नों के बेहद सटीक और विशाल लक्ष्य तय किए हैं। इसके अंतर्गत राज्य सरकार गेहूं का उत्पादन बढ़ाकर 550 लाख मीट्रिक टन और उसकी उत्पादकता 55 कुन्तल प्रति हेक्टेयर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी प्रकार धान का उत्पादन लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन और उत्पादकता 45 कुन्तल प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है, जबकि मक्के का उत्पादन 110 लाख मीट्रिक टन और उत्पादकता को 70 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाने की शानदार रूपरेखा तैयार की जा चुकी है।

प्रदेश सरकार तिलहन के उत्पादन को 63 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 22 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तथा दलहन के उत्पादन को 57 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 20 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे राज्य में कुल फसलों का उत्पादन 1160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा। धरती माता की उर्वरता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जिसके तहत मिट्टी में जीवांश कार्बन के स्तर को वर्तमान 0.8 से बढ़ाकर 1.0 तक करने का उत्कृष्ट लक्ष्य रखा गया है। इससे कृषि की उपज में भारी बढ़ोतरी होने के साथ-साथ दीर्घकालिक कृषि स्थिरता को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा और इसके लिए बड़े पैमाने पर हरी खाद, कंपोस्ट और उन्नत जैव उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार के भगीरथ प्रयासों के अंतर्गत प्रदेश की 30 लाख हेक्टेयर बंजर व ऊसर भूमि का पूरी तरह से वैज्ञानिक उपचार करके उसे अत्यंत उपजाऊ और कृषि योग्य बनाया जा रहा है। इस उपचारित भूमि पर दलहन, तिलहन व अन्य नकदी फसलों का प्रचुर उत्पादन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों में बहुत बड़ा सुधार होगा।

उत्तर प्रदेश की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए डबल इंजन सरकार इसे आधुनिक तकनीक से पूरी तरह लैस कर रही है। सरकार ने प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को आधुनिक कृषि मशीनरी से संतृप्त करने की योजना बनाई है, जिससे राज्य में लगभग 75 प्रतिशत मशीनीकृत आधारित कृषि को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों की कार्यक्षमता और सुविधा को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित अत्याधुनिक उपकरणों, ट्रेंच प्लांटर्स और अन्य सटीक उपकरणों का समावेश किया जा रहा है और महिलाओं की भागीदारी सुगम बनाने के लिए जेंडर फ्रेंडली यंत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। एग्री-टेक के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सरकार एआई, ड्रोन और रिमोट सेंसिंग तकनीकों पर आधारित एक एकीकृत एग्री-डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। इसके माध्यम से राज्य के किसानों को रियल-टाइम मौसम की सटीक जानकारी, प्रिसिजन फार्मिंग टूल्स और बेहतर निर्णय लेने वाली प्रणालियां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम आधारित सभी प्रकार की सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराने की मुकम्मल व्यवस्था की गई है, जिससे खेती को सुरक्षित बनाया जा सके। तकनीक के इसी क्रम में एआई आधारित पार्टिसिपेटरी पेस्ट मॉनिटरिंग के माध्यम से समय पर फसलों का सर्विलांस करके किसानों को खरपतवार, कीट, रोग और किसी भी संभावित प्रकोप से बचाव की अग्रिम जानकारी और प्रभावी नियंत्रण उपाय प्रदान किए जा रहे हैं। किसानों की आमदनी को दोगुने से भी अधिक करने के लिए गन्ने की मुख्य फसल के साथ सहफसली खेती को अत्यंत प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया जा रहा है। आधुनिक तकनीक आधारित कृषि यंत्रों के प्रयोग से गन्ने के साथ-साथ सरसों, धनिया, मसूर, उड़द और मूंग जैसी फसलों की लगभग 14.5 लाख हेक्टेयर के विशाल क्षेत्रफल पर अतिरिक्त खेती कराई जा रही है, जो किसानों की आय में सीधे तौर पर भारी वृद्धि कर रही है। राज्य की विभिन्न भू-जलवायु परिस्थितियों के सर्वथा अनुकूल

**प्रदेश सरकार तिलहन के उत्पादन को 63 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 22 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तथा दलहन के उत्पादन को 57 लाख मीट्रिक टन व उत्पादकता 20 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे राज्य में कुल फसलों का उत्पादन 1160 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा। धरती माता की उर्वरता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है, जिसके तहत मिट्टी में जीवांश कार्बन के स्तर को वर्तमान 0.8 से बढ़ाकर 1.0 तक करने का उत्कृष्ट लक्ष्य रखा गया है। इससे कृषि की उपज में भारी बढ़ोतरी होने के साथ-साथ दीर्घकालिक कृषि स्थिरता को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा और इसके लिए बड़े पैमाने पर हरी खाद, कंपोस्ट और उन्नत जैव उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार के भगीरथ प्रयासों के अंतर्गत प्रदेश की 30 लाख हेक्टेयर बंजर व ऊसर भूमि का पूरी तरह से वैज्ञानिक उपचार करके उसे अत्यंत उपजाऊ और कृषि योग्य बनाया जा रहा है। इस उपचारित भूमि पर दलहन, तिलहन व अन्य नकदी फसलों का प्रचुर उत्पादन किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों में बहुत बड़ा सुधार होगा।**

उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन के लिए सरकार आगामी पांच वर्षों के भीतर पांच भव्य बीज पार्क स्थापित करने जा रही है, जिसके बाद क्रमिक रूप से चार अन्य बीज पार्कों की भी स्थापना की जाएगी। बदलती वैश्विक और घरेलू मांगों के अनुरूप सरकार 20 प्रतिशत फसल विविधीकरण को लागू कर रही है, जिसमें मक्के के क्षेत्र को बढ़ाकर 50 लाख हेक्टेयर किया जाएगा।

प्रदेश सरकार ने 'हर खेत में मेड़, हर मेड़ पर पेड़' के दूरदर्शी मंत्र के साथ कृषि वानिकी कार्यक्रम को एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत तेजी से बढ़ने वाले और आर्थिक रूप से अत्यधिक मूल्यवान पौधों जैसे पॉपुलर, मिलिया डुबिया, ऑस्ट्रेलियन टीक, महोगनी और पाउलोनिया स्पीशीज का रोपण खेतों की मेड़ों पर कराया जा रहा है ताकि किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल सके। सरकार का परम लक्ष्य नवीनतम तकनीकों, उच्च मूल्य वाली चिया, रामदाना, क्विनोआ और मखाना जैसी फसलों की खेती को पांच लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करके किसानों की आय को तीन गुना करना है। इसके लिए किसान उत्पादक संगठनों का व्यापक क्षमता विकास किया जा रहा है। रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग में 25 प्रतिशत की भारी कमी लाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और सूक्ष्म सिंचाई के कवरेज को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का शानदार लक्ष्य है। प्रदेश के समस्त निजी नलकूपों को शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में भी सरकार पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में वैश्विक स्तर के अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आई.आर.आर.आई. और सी.आई.पी. जैसे विश्वविख्यात संस्थानों की तर्ज पर इकरीसेट एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध संस्थान और कृषि इनोवेशन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, वैश्विक मानकों के अनुरूप फसलों को उगाने और सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए विशेष निर्यात और प्रसंस्करण-उन्मुख क्लस्टर तेजी से विकसित किए जा रहे हैं। किसानों को किसी भी अप्रत्याशित संकट से बचाने के लिए फसल बीमा का दायरा बढ़ाते हुए अधिकतम कृषकों को बीमा कवरेज से आच्छादित किया जा रहा है और उन्हें समय पर शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही, नवीनतम कृषि तकनीकों को हर खेत तक पहुंचाने के लिए एक्सपोजर विजिट और आधुनिक माध्यमों से किसानों का सघन एवं व्यापक प्रशिक्षण और क्षमता विकास निरंतर जारी है। निश्चित रूप से, उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा उठाए गए ये ऐतिहासिक, सुनियोजित और क्रांतिकारी कदम इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि राज्य सरकार अपने अन्नदाताओं के कल्याण और कृषि के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह समर्पित है।

**-डॉ0 मनोज चन्द्रा**

# मेरठ में ग्रीन मोबिलिटी का नया सवेरा : ई-बसों से चमकेगी महानगर की यातायात व्यवस्था

उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से मेरठ महानगर के निवासियों को जल्द ही आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश सरकार ने ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल के तहत मेरठ समेत 18 प्रमुख शहरों में 1725 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लागू होने से मेरठ की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को न केवल एक नई गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय यात्रियों को भी दैनिक आवागमन में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वर्तमान समय में मेरठ में हो रहे तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण महानगर की यातायात प्रणाली पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद प्रभावी साबित होगा। नई ई-बसों के सड़कों पर उतरने से जहां शहरवासियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा का बेहतरीन विकल्प मिलेगा, वहीं वायु प्रदूषण और जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश में नगरीय परिवहन के आधुनिकीकरण की दिशा में सरकार की यह नीति अत्यंत दूरदर्शी है। वर्तमान में नगर विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा प्रदेश के 15 नगर निगम क्षेत्रों में 743 इलेक्ट्रिक बसों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 700 बसें पहले से ही जीसीसी मॉडल पर चल रही हैं। इस सफल प्रयोग के उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए अब सरकार ने मेरठ पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 9 मीटर और 12 मीटर श्रेणी की नई एसी ई-बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। परियोजना को धरातल पर पूरी दक्षता के साथ उतारने के लिए लोक-निजी सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया है। योजना के अंतर्गत चयनित निजी ऑपरेटर ही बसों की खरीद, चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना, योग्य चालकों एवं तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था तथा उनके पूर्ण संचालन व अनुरक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे। सरकार द्वारा निर्धारित कड़े प्रदर्शन मानकों के आधार पर ही ऑपरेटरों को शुल्क का भुगतान किया जाएगा। यह संपूर्ण अनुबंध वाणिज्यिक संचालन की तिथि से 12 वर्षों की लंबी अवधि के लिए प्रभावी होगा। इस बड़ी परियोजना को आर्थिक रूप से व्यावहारिक और निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए सरकार द्वारा भारी वित्तीय प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सरकार ने प्रत्येक 12 मीटर लंबी ई-बस पर 40 लाख रुपये तथा 9 मीटर लंबी ई-बस पर 35 लाख रुपये का आकर्षक अनुदान देने का फैसला किया है। इसके अतिरिक्त, डिपो निर्माण के लिए आवश्यक भूमि संबंधित नगर निगमों द्वारा बिना किसी वित्तीय बोझ के पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बस किराया और अन्य प्रयोक्ता शुल्क का निर्धारण सीधे राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार का यह निजी निवेश आधारित मॉडल सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाले बिना परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार लाएगा। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के चलते निजी ऑपरेटर यात्रियों को समयबद्ध संचालन, बेहतर व्यवहार और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मेरठ में ई-बसों के इस बड़े विस्तार को सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में एक युगांतकारी बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे हजारों दैनिक यात्रियों का सफर सुगम होगा। यह संपूर्ण प्रयास उत्तर प्रदेश को देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण और उनके उपयोग का एक प्रमुख हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। वैश्विक परिदृश्य में जीवाश्म ईंधनों की सीमित उपलब्धता और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच, मेरठ जैसे तेजी से बढ़ते महानगर में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से भी मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति के अंतर्गत दिए जा रहे अभूतपूर्व लाभों से राज्य में एक मजबूत ईवी इकोसिस्टम तैयार हो चुका है। पारंपरिक पेट्रोल और डीजल वाहनों की तुलना में ये ई-बसें शून्य टेलपाइप उत्सर्जन सुनिश्चित करती हैं, जिससे महानगर में कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा और वायु गुणवत्ता में सुधार आएगा। आर्थिक दृष्टि से भी इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग आम जनता और फ्लीट ऑपरेटरों के लिए बेहद लागत प्रभावी साबित हो रहा है।

**वर्तमान समय में मेरठ में हो रहे तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि के कारण महानगर की यातायात प्रणाली पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद प्रभावी साबित होगा। नई ई-बसों के सड़कों पर उतरने से जहां शहरवासियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा का बेहतरीन विकल्प मिलेगा, वहीं वायु प्रदूषण और जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश में नगरीय परिवहन के आधुनिकीकरण की दिशा में सरकार की यह नीति अत्यंत दूरदर्शी है। वर्तमान में नगर विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा प्रदेश के 15 नगर निगम क्षेत्रों में 743 इलेक्ट्रिक बसों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 700 बसें पहले से ही जीसीसी मॉडल पर चल रही हैं। इस सफल प्रयोग के उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए अब सरकार ने मेरठ पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 9 मीटर और 12 मीटर श्रेणी की नई एसी ई-बसों को शामिल करने का निर्णय लिया है। परियोजना को धरातल पर पूरी दक्षता के साथ उतारने के लिए लोक-निजी सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया है।**

पारंपरिक ईंधन की आसमान छूती कीमतों की तुलना में प्रति किलोमीटर परिचालन लागत बेहद कम होने के कारण यह उपभोक्ताओं, विशेषकर मध्यम वर्ग के मासिक बजट को बड़ी राहत प्रदान कर रहा है, जिससे देश की वित्तीय स्थिरता को भी बल मिल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को तीन पहिया और चार पहिया निजी वाहनों पर भी भारी क्रय सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जो सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित (डीबीटी) होती है। इसके अलावा, प्रदेश में पंजीकृत होने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर शत-प्रतिशत रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क की पूर्ण छूट जैसी क्रांतिकारी पहल की गई है, जिससे ग्राहकों पर पड़ने वाला प्रारंभिक आर्थिक बोझ काफी कम हो गया है। इस प्रकार सरकार हर स्तर पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है। मेरठ और इसके आसपास के क्षेत्रों में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सरकार चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विस्तार कर रही है। प्रमुख शहरी क्षेत्रों में हर तीन किलोमीटर पर और प्रमुख राजमार्गों पर प्रत्येक 25 किलोमीटर पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को तेजी से अमलीजामा पहनाया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं के मन से श्रेंज एंग्जायटीश् यानी चार्ज खत्म होने का डर पूरी तरह समाप्त हो सके। इसके साथ ही, राज्य में अल्ट्रा-मेगा बैटरी प्लांट और ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की स्थापना के लिए वैश्विक स्तर पर निवेश आकर्षित किया जा रहा है, जिससे मेरठ सहित पूरे प्रदेश में स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। नगरीय परिवहन बेड़े में इन अत्याधुनिक बसों के शामिल होने से मेरठ की जनता को एक ध्वनि-रहित, प्रदूषण-मुक्त और वातानुकूलित यात्रा का उत्कृष्ट अनुभव मिलेगा तथा यह महानगर आने वाले समय में देश के सबसे स्वच्छ और विकसित शहरों की अग्रिम पंक्ति में शामिल होगा।

**जनपद-मेरठ**

# जादुई डंडाः डॉ. ज्ञानवती दीक्षित की कल्पनाशीलता का जादुई संसार

हिंदी साहित्य की विशाल वाटिका में जहाँ विद्वत्ता की गंभीर छायाएँ फैली हैं, वहाँ कभी-कभी एक ऐसा फूल खिलता है जो बच्चों की हँसी, किशोरों की जिज्ञासा और वयस्कों की यादों को एक साथ छू जाता है। डॉ. ज्ञानवती दीक्षित की पुस्तक जादुई डंडा ठीक ऐसा ही एक रचनात्मक मोती है। अवधी साहित्य की गहन शोधार्थी, आधुनिक प्रबंध काव्यों की समीक्षक और बहुमुखी लेखिका के रूप में प्रसिद्ध डॉ. दीक्षित ने इस पुस्तक के माध्यम से अपनी विद्वत्ता को बाल-मनोरंजन की नरम धूप में रूपांतरित कर दिया है।

**लेखिका का साहित्यिक परिचय**

डॉ. ज्ञानवती दीक्षित हिंदी और अवधी साहित्य की एक समर्पित विदुषी हैं। उनकी प्रमुख कृति अवधी की आधुनिक प्रबंध धाराः हिंदी का अद्भुत संदोह (2019) तीस वर्षों के अथक शोध का परिणाम है, जिसमें उन्होंने अवधी के 82 प्रबंध काव्यों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया है। गुरु डॉ. श्याम सुंदर मिश्र 'मधुप' को समर्पित यह ग्रंथ हिंदी साहित्य में अवधी की उपेक्षित धारा को मुख्यधारा से जोड़ने का उल्लेखनीय प्रयास है। इसी विद्वत्ता के बीच उन्होंने बाल-साहित्य की ओर भी कदम बढ़ाया। जादुई डंडा(जिसका लोकार्पण वृन्दा डिटेक्टिव के साथ हुआ) उनकी रचनात्मक बहुरंगी प्रतिभा का प्रमाण है। यह पुस्तक न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक कहानी है, बल्कि नैतिक मूल्यों, कल्पनाशक्ति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाली एक सशक्त रचना है।

**जादुई डंडा का जादूः कथानक और थीम्स-** जादुई डंडा शीर्षक ही अपनी ओर आकर्षित करता है। 'जादुई डंडा' – वह प्रतीक जो हर बच्चे के सपनों में छिपा होता है। पुस्तक में एक साधारण-सा बच्चा (या युवा पात्र) एक जादुई डंडे को प्राप्त करता है, जो केवल इच्छाओं को पूरा नहीं करता, बल्कि जिम्मेदारी, विवेक और सही-गलत के बीच का फर्क भी सिखाता है।

कल्पना कीजिएः एक छोटे से गाँव या आधुनिक शहर में रहने वाला पात्र, जो रोजमर्रा की समस्याओं – स्कूल की पढ़ाई, दोस्ती, परिवार, पर्यावरण या सामाजिक मुद्दों – से जूझ रहा है। अचानक उसके हाथ लगता है वह डंडा, जो चमक उठता है। लेकिन हर जादू के साथ एक शर्त जुड़ी होती है – गलत इच्छा से डंडा बेकार हो जाता है या उल्टा असर करता है। इस तरह लेखिका ने फैंटेसी को नैतिक शिक्षा का माध्यम बनाया है।

**पुस्तक की खासियतें:**

- सरल और प्रवाहपूर्ण भाषाः बच्चों की समझ के अनुकूल, परंतु शब्द-समृद्ध।
- कल्पनाशील चरित्रः जादुई प्राणी, बात करने वाले जानवर, या रहस्यमयी दुनिया।
- समसामयिक संदेशः पर्यावरण संरक्षण, दोस्ती की कीमत, आत्मविश्वास, ईमानदारी आदि।
- वृन्दा डिटेक्टिव के साथ पूरकताः एक में जासूसी रोमांच, दूसरे में जादुई रोमांच – दोनों बाल-मन को आकर्षित करने वाले।

यह रचना *हरि पॉटर* या *चंद्रकांता* जैसी परंपरा को भारतीय संदर्भ में आगे बढ़ाती प्रतीत होती है, जहाँ जादू वास्तविक जीवन की सीखों से जुड़ा होता है।

**क्यों पढ़ें जादुई डंडा?**
**- बच्चों के लिएः रोमांच, जादू और सीख।**
**- किशोरों के लिएः प्रेरणा और आत्म-चिंतन।**
**- अभिभावकों-शिक्षकों के लिएः सकारात्मक पठन सामग्री।**
**- साहित्य प्रेमियों के लिएः बहुमुखी लेखिका की एक और सशक्त कृति।**

**साहित्यिक महत्व और अपील**

डॉ. दीक्षित की विद्वत्ता यहाँ भी झलकती है। उन्होंने बाल-साहित्य को हल्का-फुल्का नहीं, बल्कि जिम्मेदार माध्यम माना है। जादुई डंडा बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को उड़ान देता है। अभिभावक इसे इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि इसमें मनोरंजन के साथ मूल्य-शिक्षा का संतुलन है। आधुनिक युग में जहाँ स्क्रीन-टाइम बढ़ रहा है, ऐसी पुस्तकें बच्चों को कागजी दुनिया के जादू से जोड़ती हैं। लेखिका ने साबित किया कि गंभीर शोधकर्ता भी बच्चों के सपनों का वास्तुकार बन सकता है।

**,जादुई डंडा सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि एक अनुभव है। डॉ. ज्ञानवती दीक्षित ने साबित किया कि साहित्य की कोई उम्र नहीं होती। यह पुस्तक उन हाथों में चमकेगी जो जादू पर विश्वास करते हैं और उन दिलों में बस जाएगी जो जादू पैदा करना जानते हैं। जादुई डंडा — एक पुस्तक जो कहती हैः 'जादू तुम्हारे भीतर है, बस उसे सही दिशा दो।'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजू विश्वकर्मा हत्याकांड में कड़ी कार्रवाई की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**फरार आरोपी की गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक सुनवाई, मुआवजा, नौकरी व सुरक्षा की उठाई मांग**

**रुद्रपुर, देवरिया।** थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम नौतन हथियागढ़ में तीन जुलाई को हुए राजू विश्वकर्मा हत्याकांड को लेकर शनिवार को विश्वकर्मा समाज ने थाना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अवधेश निगम को सौंपा। ज्ञापन में सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई, फरार अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि गरीब एवं मेहनतकश युवक राजू विश्वकर्मा की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई, जिससे समाज में आक्रोश है। मांग की गई कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को शीघ्र कठोर दंड दिलाया जाए, फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जाए, अवैध संपत्तियों की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाए, पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा, पत्नी प्रीति शर्मा को सरकारी नौकरी, पुत्री की शिक्षा व भविष्य की व्यवस्था तथा परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति, भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर समिति, स्वर्णकार संघ, ठठेरा समिति एवं समस्त विश्वकर्मा समाज, तहसील रुद्रपुर की ओर से सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष शिवानंद विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### गोला में संपूर्ण समाधान दिवस: 11 शिकायतें आईं, एक का भी मौके पर नहीं हुआ निस्तारण




**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें दर्ज हुईं। सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, लेकिन किसी भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार बालचंद चौहान और थाना प्रभारी निरीक्षक सीपी पाण्डेय ने की। इस दौरान चंद चौराहा निवासी रणविजय चंद ने शिकायत की कि ग्राम बेवरी में उनकी बैनामाशुदा भूमि पर नगर पंचायत द्वारा गलत तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाकर निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं बारानगर निवासी लक्ष्मी, सावित्री और सुजीत ने आरोप लगाया कि पड़ोसी ने सार्वजनिक रास्ते पर कंटीले तार लगाकर अतिक्रमण कर दिया है, जिससे लोगों और पशुओं के आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने और कार्रवाई की मांग की। सभी 11 मामलों के लंबित रहने से फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। समाधान दिवस में राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

### साइबर जालसाज ने बैंक खाते से उड़ाए 3.98 लाख रुपये

**गीडा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**सहजनवा (गोरखपुर)** गीडा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां जालसाज ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से करीब 3.98 लाख रुपये उड़ा दिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बैंक खाते का संचालन रुकवाया। इसके बाद गीडा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात जालसाज के मोबाइल नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गीडा थाना क्षेत्र के पिपरी निवासी श्याम मिलन मौर्य, पुत्र रघुवीर मौर्य, का पंजाब नेशनल बैंक की एकला शाखा में खाता संचालित है। आरोप है कि 24 जून को साइबर जालसाज ने किसी तरह उनके बैंक खाते तक पहुंच बना ली और अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 3 लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। खाते से लगातार रकम कटने की जानकारी मिलने पर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने बिना देर किए साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और बैंक से संपर्क कर खाते का संचालन बंद कराया, ताकि आगे कोई और लेनदेन न हो सके।

इसके बाद उन्होंने गीडा थाने में तहरीर देकर पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर जालसाजी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस मोबाइल नंबर, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। जांच के लिए साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है। लगातार बढ़ रही साइबर ठगी की घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

# निजी दुकानदारों की मनमानी या व्यवस्था की खामी?

**यूरिया वितरण पर उठे सवाल, किसानों ने निष्पक्ष जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** खरीफ सीजन के दौरान जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध होने के कृषि विभाग के दावे के बीच किसानों ने यूरिया वितरण व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि कई स्थानों पर निर्धारित मूल्य पर केवल यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, बल्कि उसके साथ अन्य कृषि उत्पाद खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। जिला कृषि अधिकारी सी.पी. सिंह द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, जनपद में पहले से 22,599 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध था तथा 11 जुलाई 2026 को 2,819 मीट्रिक टन अतिरिक्त यूरिया प्राप्त हुआ। विभाग के अनुसार कुल उपलब्ध यूरिया में से 12,942 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र तथा 9,675 मीट्रिक टन सहकारी क्षेत्र के बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 8,290 मीट्रिक टन डीएपी एवं 5,809 मीट्रिक टन एनपीके भी उपलब्ध होने का दावा किया गया है। हालांकि विभाग के इन दावों के बावजूद आर्यनगर, वजीरगंज, मनकापुर, तरबगंज, खरगूपुर, इटियाथोक, बाबागंज, थानेपुर, कटरा, भवानीपुर उपाध्याय, कौड़िया और कर्नलगंज सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किसानों की शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों का कहना है कि कई निजी उर्वरक विक्रेता निर्धारित मूल्य पर केवल यूरिया नहीं दे रहे हैं।

**किसानों के आरोप** किसानों का आरोप है कि कई दुकानों पर यूरिया के साथ जिंक, सूक्ष्म पोषक तत्व या अन्य कृषि सामग्री खरीदने की अनिवार्यता बताई जा रही है। उनका कहना है कि इसके कारण एक बोरी यूरिया प्राप्त करने के लिए उन्हें लगभग ?500 से ?550 तक खर्च करना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है।

**दुकानदारों का पक्ष** वहीं, नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर कुछ निजी उर्वरक विक्रेताओं ने दावा किया कि वे भी पूरी तरह स्वतंत्र नहीं हैं। उनका कहना है कि स्टॉक उठान के समय उन्हें यूरिया के साथ अन्य उत्पाद भी लेने पड़ते हैं और यदि वे उन उत्पादों की बिक्री नहीं करेंगे तो उनका व्यापार प्रभावित होगा।

**एक दुकानदार ने कहा,** 'यदि हम इस तरह बिक्री नहीं करेंगे तो हमारा व्यापार कैसे चलेगा और परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा?' इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

**किसानों की मांग:** केवल रिकॉर्ड नहीं, जमीनी जांच भी हो

किसानों का कहना है कि केवल कार्यालयी अभिलेखों की जांच पर्याप्त नहीं होगी। अधिकारियों को गांवों में जाकर किसानों से सीधे जानकारी लेनी चाहिए कि उन्हें किस मूल्य पर और किन शर्तों पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों का मानना है कि यदि प्रत्येक निजी उर्वरक विक्रेता और सहकारी समिति के पीओएस (Point of Sale) रिकॉर्ड, उठान रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, चालान, बिल तथा ऑनलाइन बिक्री विवरण की निष्पक्ष जांच की जाए, तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

**प्रमुख मांगें**

प्रत्येक निजी उर्वरक दुकान एवं सहकारी समिति का नियमित निरीक्षण कराया जाए।



पीओएस, उठान, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर सहित सभी अभिलेखों की विशेष जांच कराई जाए।

क्षेत्रवार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर किसानों से सीधे फीडबैक लिया जाए।

निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली अथवा यूरिया के साथ अन्य सामग्री की जबरन बिक्री पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। यदि किसी स्तर पर निजी दुकानदारों पर भी किसी प्रकार का दबाव डाला जा रहा है, तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए।

**जिला कृषि अधिकारी का बयान** जिला कृषि अधिकारी सी.पी. सिंह ने कहा कि जिले में यूरिया के साथ-साथ फास्फेटिक उर्वरकों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फार्मर रजिस्ट्री एवं खतौनी के अनुसार आवश्यकता के अनुरूप अपने निकटतम उर्वरक बिक्री केंद्र से उर्वरक प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि प्रशासन उपलब्ध अभिलेखों की पारदर्शी जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करता है, तो इससे किसानों का विश्वास मजबूत होगा, ईमानदार उर्वरक विक्रेताओं को राहत मिलेगी तथा सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष का आत्महत्या की चेतावनी वाला वीडियो वायरल

**» मुख्यमंत्री के गृह जनपद की खजनी तहसील में शिकायत, किसानों ने डीएम से जांच की मांग**

**» उत्पीड़न का आरोप लगाकर जान देने की कही बात, सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस,**

**» सीओ ने हस्तक्षेप कर कराया समझौता, जांच के बाद कार्रवाई की कही बात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ठूठीबारी, महराजगंज।** सीमावर्ती कस्बा ठूठीबारी में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब ठूठीबारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं दैनिक आज से जुड़े पत्रकार दिनेश कुमार रौनियर का आत्महत्या की चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में उन्होंने अपने पड़ोसी सुनील कुमार रौनियर, उनकी पत्नी गुड़िया तथा ठूठीबारी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह पर मानसिक उत्पीड़न, जबरन समझौता कराने और पैसे लेने जैसे गंभीर आरोप लगाए। वीडियो सामने आते ही पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।

वीडियो में दिनेश कुमार रौनियर ने कहा कि उन्होंने एक जुलाई को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उनका आरोप है कि न्याय दिलाने के बजाय उन पर समझौते का दबाव बनाया गया, जिससे वह लगातार मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। उन्होंने इसी मानसिक दबाव से तंग आकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने की चेतावनी दी। वीडियो वायरल होने के कुछ ही देर बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और समय रहते हस्तक्षेप कर दिनेश कुमार रौनियर को आत्मघाती कदम उठाने से रोक लिया। पुलिस की तत्परता से एक संभावित अप्रिय घटना टल गई।

घटना के बाद पूरे कस्बे में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा। व्यापारियों, पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों के बीच वायरल वीडियो में लगाए गए आरोप चर्चा का प्रमुख विषय बने रहे। मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायतों के निस्तारण और स्थानीय विवादों के समाधान को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी निचलौल रवींद्र कुमार सिंह ने दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत कर उन्हें समझाया और आपसी समन्वय के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उनके हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा भी कराया गया। हालांकि, वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी निचलौल रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से सुलहनामा करा दिया गया है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

## आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप

**आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज**

**सहजनवा/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की कथित रूप से संपादित एवं आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव निवासी सुभाष, पुत्र स्वर्गीय सूर्यमन, ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि डुमरैला गांव निवासी हिंद राज, पुत्र दीनदयाल, अपनी इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरों को एडिट कर आपत्तिजनक रूप में सोशल मीडिया पर साझा कर रहा था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पोस्ट में अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई तथा सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।




शिकायत मिलने के बाद हरपुर बुदहट पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया। प्रथम दृष्टया आरोपों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं एवं आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के संबंध में आपत्तिजनक, भ्रामक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित करना कानूनन दंडनीय है। मामले की विवेचना जारी है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी और कानून के दायरे में रहकर उपयोग करने की अपील भी की है।

## डीएम-एसपी ने दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में किया जलाभिषेक

**सावन की तैयारियों का लिया जायजा**

**रूद्रपुर, देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में शामिल होने से पूर्व रुद्रपुर स्थित बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

दोनों अधिकारियों ने आगामी सावन माह को देखते हुए मंदिर परिसर का निरीक्षण कर महंत से श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रवेश-निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सावन में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।

## डाकघर में जमा कराने के नाम पर हड़पी खाताधारकों की रकम

**उरुवा बाजार पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर के उरुवा बाजार थाना क्षेत्र में डाकघर के खाताधारकों से जमा करने के लिए रुपये लेकर उन्हें खाते में जमा न करने और रकम हड़प लेने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जिले में धोखाधड़ी से जुड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक उरुवा बाजार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रामसुन्दर शर्मा को गिरफ्तार किया। वह उरुवा बाजार थाना क्षेत्र के बिरई खुर्द गांव का निवासी है।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने डाकघर के दो खाताधारकों से उनके खातों में जमा कराने के लिए नकद रुपये लिए थे। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी ने वह रकम खातों में जमा नहीं की, बल्कि अपने पास रखकर गबन कर लिया। काफी समय तक राशि जमा न होने की जानकारी मिलने पर पीड़ितों को धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद उन्होंने उरुवा बाजार थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना उरुवा बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 80/25 दर्ज किया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(5), 344, 338, 336(3) और 340(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है तथा मामले के अन्य पहलुओं की भी



जांच जारी है। यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता या अतिरिक्त तथ्य सामने आते हैं तो उसके अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमाशंकर दूबे, उपनिरीक्षक दीपेन्द्र नाथ त्रिवेदी, कांस्टेबल प्रदीप जायसवाल तथा महिला आरक्षी वंदना वर्मा शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि आर्थिक अपराधों और धोखाधड़ी के मामलों में दोषियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि आम लोगों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रह सके और ऐसे मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जन शिकायतें

**त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

**रूद्रपुर, देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने शनिवार को रुद्रपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग दोनों की आवश्यकता हो, उनमें संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवादों का समय रहते निस्तारण आवश्यक है, अन्यथा वे बड़े विवाद का रूप ले सकते हैं। इसलिए सभी अधिकारी प्रत्येक शिकायत का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए।

## गोरखपुर: नंबर प्लेट बदलकर चला रहे थे चोरी की बाइक

**चौरी चौरा पुलिस ने आरोपी समेत दो बाल अपचारियों को दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** चौरी चौरा थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसका इस्तेमाल करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि इस मामले में शामिल दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, अपराध और वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चौरी चौरा के नेतृत्व में शनिवार को क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान उपनिरीक्षक राजू रंजन सिंह अपनी टीम के साथ संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल संदिग्ध प्रतीत हुई।

पूछताछ और सत्यापन में सामने आया कि वाहन चोरी का है तथा उसकी पहचान छिपाने के लिए उस पर दूसरी नंबर प्लेट लगा दी गई थी। मामले में पुलिस ने धीरज यादव उर्फ गोलू, निवासी बाल बुजुर्ग, थाना चौरी चौरा, को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके साथ मौजूद दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी और पूछताछ के आधार पर थाना चौरी चौरा में मु0अ0सं0 258/2026 के तहत धारा 2(30), 317(2) एवं 339 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि बरामद मोटरसाइकिल किसी अन्य वारदात में प्रयुक्त हुई थी या नहीं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी धीरज यादव उर्फ गोलू पहले भी आपराधिक मामलों में नामजद रह चुका है। उसके विरुद्ध वर्ष 2024 में भी चौरी चौरा थाने में मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई के बाद अब उसके खिलाफ चोरी की मोटरसाइकिल के उपयोग और फर्जी नंबर प्लेट लगाने का नया मामला भी दर्ज किया गया है।

## जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में मनाया कन्या जन्मोत्सव, नवजात का रखा 'अनुग्रहिता' नाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद में बेटियों के सम्मान एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज गोण्डा के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के प्रसव विंग एवं वार्ड में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम बेसिया चैन निवासी श्रीमती पूनम देवी, पत्नी श्री दिनेश कुमार, के प्रसव के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन स्वयं अस्पताल पहुंचीं और परिवारजनों के साथ मिलकर केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नवजात कन्या के जन्म पर परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को समान अवसर, बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परिवारजनों से नवजात बच्ची के बेहतर पालन-पोषण एवं शिक्षा के लिए संकल्पित रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान परिवारजनों के आग्रह पर जिलाधिकारी ने नवजात कन्या का नाम 'अनुग्रहिता' रखा। यह नाम सुनकर परिवारजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नवजात शिशु के लिए शुभकामना स्वरूप चांदी की कटोरी एवं चम्मच भेंट की। साथ ही बच्ची की माता श्रीमती पूनम देवी को सहायता राशि भी प्रदान की, जिससे परिवार के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना का परिचय मिला।

कन्या जन्मोत्सव के दौरान अस्पताल परिसर में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण रहा। उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा अधिकारियों ने भी परिवार को शुभकामनाएं दीं और नवजात के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा कन्या सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाने



का संदेश दिया। सभी ने नवजात कन्या के जन्म पर परिवार को बधाई देते हुए बेटियों के सम्मान और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा कन्या जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरणा देने वाला रहा। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, सीएमएस जिला अस्पताल डॉ. अनिल तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कोचिंग जाने वाली छात्रा को अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी

**पीछा कर ब्लैकमेल करने का आरोप; गीडा थाने में मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा (गोरखपुर)।** गीडा थाना क्षेत्र की एक युवती को कथित अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करने और उसका पीछा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर गीडा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती गोरखपुर शहर स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करती है। आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाला युवक अंकित गुप्ता पुत्र जोगी उर्फ योगेंद्र काफी समय से उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। वह युवती पर अनर्गल आरोप लगाकर उसे ब्लैकमेल करता था और कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक अक्सर उसके घर के आसपास मंडराता था और कोचिंग आने-जाने के दौरान उसका पीछा भी करता था। लगातार मिल रही धमकियों और हरकतों से युवती तथा उसके परिजन भय और तनाव में रहने लगे। काफी समय तक मामले को नजरअंदाज करने के बाद जब आरोपी की गतिविधियां नहीं रुकीं तो पीड़िता ने गीडा थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी। तहरीर के आधार पर गीडा पुलिस ने आरोपी अंकित गुप्ता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## करेंट लगने से किशोर की मौत



**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के रानिहवा उर्फ चिरईगोड़ा में शनिवार को बिजली का करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी रमेश प्रसाद का 16 वर्षीय पुत्र सिकंदर गौतम पंखा ठीक कर रहा था। उसी समय उसे करंट लग गया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी बाजार ले गए।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे घर में मातम छा गया।

# 525 करोड़ की 464 परियोजनाओं की सौगात

**सीएम योगी ने विकास का खाका किया पेश**

**टेकुआटार की जनसभा में लोकार्पण-शिलान्यास के साथ एयरपोर्ट, कृषि विश्वविद्यालय, नारायणी पुल और कसया-रामकोला मार्ग पर दिए बड़े संकेत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री ने शनिवार को रामकोला-हाटा विधानसभा क्षेत्र के टेकुआटार में आयोजित विशाल जनसभा में जनपद को विकास की बड़ी सौगात देते हुए लगभग ?525 करोड़ की लागत से 464 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास एवं जनकल्याण से जुड़े स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास एवं उद्योग विभाग के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान 110 वर्ष और 104 वर्ष आयु के दो वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सुशासन, कानून व्यवस्था, आधारभूत संरचना, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अपराध और माफिया तंत्र पर प्रभावी कार्रवाई के कारण प्रदेश निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की दिशा में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, टीकाकरण और स्वच्छता अभियानों से इस बीमारी से होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। उन्होंने कहा कि गरीबों को निःशुल्क राशन, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का लाभ लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कसया-रामकोला मार्ग के शीघ्र निर्माण का आश्वासन देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी। उन्होंने बताया कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नियमित उड़ानों का संचालन जल्द शुरू होगा तथा भविष्य में इसे गया और जेवर एयरपोर्ट से भी जोड़ा जाएगा, जिससे बौद्ध पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कुशीनगर कृषि विश्वविद्यालय का शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा, जो आधुनिक कृषि अनुसंधान, प्रशिक्षण और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही नारायणी नदी के दियारा क्षेत्र में लगभग ?800 करोड़ की लागत से प्रस्तावित पुल निर्माण परियोजना की डीपीआर तैयार होने की जानकारी देते हुए कहा कि पुल बनने से क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद विजय कुमार दुबे, सांसद रवि किशन सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक पी.एन. पाठक, डॉ. असीम राय, मनीष जायसवाल, विनय प्रकाश गौंड, विवेकानंद पांडेय, मोहन वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 'साइलेंट क्राइम्स' से साइबर जागरूकता



**कानपुर।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से तैयार लघु फिल्म 'साइलेंट क्राइम्स' की विशेष स्क्रीनिंग रेव-3 सिनेमा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में फिल्म के प्रमुख कलाकार अन्नू कपूर सहित अन्य कलाकार, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। फिल्म के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग तथा अन्य साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई।

## नो पार्किंग में खड़े पांच वाहन थाने भेजे

**कानपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए शनिवार को यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान पांच चारपहिया वाहनों को क्रेन की सहायता से उठाकर संबंधित थानों में भेजा गया। पुलिस उपायुक्त (यातायात) रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में 'सुगम यातायात योजना' के तहत चलाए गए अभियान में शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई से पहले यातायात पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से वाहन चालकों से अपने वाहन हटाने की अपील की। इसके बावजूद वाहन नहीं हटाने पर पांच वाहनों को क्रेन से हटाकर संबंधित थानों में भेजा गया। यातायात पुलिस ने वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी देते हुए नियमानुसार वाहन उनके सुपुर्द किए। साथ ही नागरिकों से अपील की कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें और नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। किसी भी असुविधा की स्थिति में यातायात नियंत्रण कक्ष अथवा हेल्पलाइन से संपर्क करने की भी सलाह दी गई।

## ओवरस्पीड पर 370 वाहनों के चालान

**कानपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 370 वाहनों का चालान किया। तेज गति पर निगरानी के लिए प्रत्येक 20 किलोमीटर पर तीन इंटरसेप्टर वाहन तैनात किए गए हैं। यातायात पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर दुर्घटनाएं कम करने के लिए आठ स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक 20 किलोमीटर पर तीन इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती कर तेज रफ्तार वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 65 ट्रक, पांच बस तथा 124 अन्य वाहनों सहित कुल 194 वाहनों का ओवरस्पीड में चालान किया गया। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर पांच ट्रक, पांच बस तथा 101 अन्य वाहनों सहित कुल 111 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा गंगा बैराज पर 65 वाहनों का चालान किया गया।

## भीरा थाना क्षेत्र में नए हल्का रोस्टर से ग्रामीणों की बढ़ीं मुश्किलें

भीरा थाना क्षेत्र में नवागत थाना प्रभारी अमित पांडे द्वारा लागू किए गए नए हल्का रोस्टर को लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन ग्राम सभाओं के लोगों का काम पहले महज 10 किलोमीटर या उससे भी कम दूरी पर स्थित पुलिस चौकी में हो जाता था, अब उन्हें प्रार्थना पत्र देने और पुलिस संबंधी कार्य के लिए करीब 30 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ेगाग्रामीणों का आरोप है कि नए रोस्टर के कारण समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी होगी। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब तबके के लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा लोगों का कहना है कि यदि रोस्टर में व्यावहारिक बदलाव नहीं किया गया तो उन्हें छोटी-छोटी शिकायतों के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी

## मेगलगंज मे राष्ट्रीय बजरंग दल की विस्तार बैठक का आयोजन

**लखीमपुर खीरी-** राष्ट्रीय बजरंग दल की तहसील मितौली इकाई की मैंगलगंज में राष्ट्रीय बजरंग दल की विस्तार बैठक का आयोजन किया गया! जिसमें मुख्य अतिथि वं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय बजरंग दल अवध प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष देव जुनेजा मौजूद रहे! बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद सीतापुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी ने किया !बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय बजरंग दल लखीमपुर के जिला अध्यक्ष जसवंत राज , नकाहा ब्लॉक के उपाध्यक्ष राहुल वर्मा , लखीमपुर तहसील के उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा ,,बेहजम ब्लॉक के मंत्री दिनेश वर्मा एवं सैकड़े की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे! उक्त जानकारी देव जुनेजा प्रांत उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अवध प्रांत ने दी !

# राज्यपाल ने यातायात व्यवस्था पर जताई नाराजगी

### 5.3 किमी पहुंचने में लगे 25 मिनट, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डीसीपी यातायात को किया तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** सीएसजेएमयू में लंच के बाद सीएसए पहुंचने में देरी होने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भड़क गईं। उन्होंने कहा कि पांच मिनट का रास्ता है तो 25 मिनट कैसे लग गए। किसने रूट तय किया। किसी अफसर ने रूट डायवर्ट किया। इसके बाद राज्यपाल ने डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार और एसीपी स्वरूप नगर ज्योति श्री को तलब कर लिया गया। अधिकारियों ने राज्यपाल को बताया कि रूट नहीं बदला गया बल्कि सड़क पर जलभराव होने की वजह से गाड़ी धीरे चलाई गई थी। दूसरे रूट पर मेट्रो का काम चल रहा है। इसलिए वहां से नहीं ले जाया गया। एचबीटीयू में दीक्षा समारोह समाप्त होने के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को लंच के लिए सीएसजेएमयू ले जाया गया था। लंच करने के बाद यहां से उन्हें सीएचए लाया गया, लेकिन दीक्षा समारोह के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही राज्यपाल भड़क गई। गाड़ी से उतरने से पहले ही उन्होंने अफसरों को फटकारा। उन्होंने कहा कि जब रूट तय है तो जिस रास्ते से पहुंचने में पांच मिनट लगते हैं उसमें 25 मिनट क्यों लग गए। इतना घुमाकर लाने की वजह क्या थी। इस पर पहले एसीपी स्वरूप नगर ज्योति उनके सामने पहुंची, लेकिन कोई जवाब नहीं दे सकीं। इसके बाद रूट निर्धारित करने का जिम्मा डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार का होता है तो उन्हें तलब किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें बताया कि रूट नहीं बदला गया है। सीएसजेएमयू से सीएसए आने के लिए वही रूट निर्धारित है, लेकिन वर्षा होने से जलभराव हो गया, जिसके चलते धीरे गाड़ी चलाई गई, जिसकी वजह से देरी हुई। अगर दूसरे रूट से ले जाते तो वह रूट कंपनी बाग से रावतपुर का होता,लेकिन वहां मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। मामले में एसीपी स्वरूप नगर ज्योति श्री ने बताया कि राज्यपाल को निर्धारित रूट से ही लाया और ले जाया गया है। कोई रूट नहीं बदला गया है। वहीं, डीसीपी यातायात रवीन्द्र कुमार को इस संबंध में फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।राज्यपाल के आने-जाने का एक रूट सीएसए से चिड़ियाघर होते हुए गुरुदेव पैलेस चौराहे से सीएसजेएमयू का है, जिससे पहले दिन भी वह गई थीं। जबकि आपातकालीन स्थिति में दूसरा रूट सीएसए से कंपनीबाग से रावतपुर चौराहे से होते हुए सीएसजेएमयू तय है, लेकिन इस रूट पर मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। वहां से ले जाना मुश्किल था। निर्धारित रूट पर जलभराव होने से धीरे-धीरे गाड़ी चलाई गई और ज्यादा समय लगा।

## फिरोजाबाद में दो घंटे के भीतर 11वीं की छात्रा और 7वीं के छात्र को आया हार्ट अटैक

**फिरोजाबाद।** दो छात्र-छात्राओं की स्कूल और कोचिंग से लौटते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोपहर 12 बजे कोचिंग से लौट रही 11वीं की छात्रा दीपमाला अचानक सड़क पर गिर पड़ीं। ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण साइलेंट अटैक बताया गया है। इससे कुछ देर पहले सातवीं का छात्र दीपक कुमार गिरा और फिर न उठ सका। ताऊ ने मिड डे मील खाने के बाद हालत बिगड़ने के आरोप लगाए, लेकिन शाम को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। शिक्षक संजय कुमार की बड़ी बेटी 16 वर्षीय दीपमाला उर्फ डिंपल रवि क्लासेस में इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही थीं। शुक्रवार सुबह 11.30 बजे छुट्टी के बाद दीपमाला अपनी सहेली सारा के साथ गांधी पार्क की तरफ जा रही थीं। अचानक वह सड़क पर गिर गईं। कोचिंग से निकले अन्य छात्र-छात्राएं यह देखकर समझे कि गर्मी से चक्कर आया होगा। उन्हें सरकारी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।चिकित्सकों ने दीपमाला को मृत घोषित कर दिया।

## विषैला पदार्थ खाकर प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर के कलक्टरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत घंटाघर स्थित सूर्या होटल में शनिवार को शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने विषैला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। युवक फतेहपुर और जबकि युवती उन्नाव की रहने वाली है। दोनों की उम्र तकरीबन 33 साल बतायी गई है। होटलकर्मियों को शाम 4 बजे घटना की जानकारी हुई, घटना की जानकारी मिलते ही होटल कर्मियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही एसीपी कलक्टरगंज आनंद ओझा मय पुलिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को उर्सला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को जानकारी दी। होटल के सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि दोनों शनिवार दोपहर करीब 12 बजे होटल पहुंचे थे, जिसके बाद से कमरा बंद था। एसीपी ने बताया कि मृतक की पहचान फतेहपुर निवासी दिग्विजय सिंह व मृतका की पहचान उन्नाव निवासी शिवांगी तिवारी के रूप में हुई है। आगे की जांच की जा रही है और उसी के अनुसार कार्यवाही होगी। सहायक पुलिस आयुक्त कलेक्टरगंज आनंद कुमार ओझा ने बताया कि आज शाम लगभग 4:30 बजे थाना कलेक्टरगंज क्षेत्र स्थित सूर्या होटल से सूचना प्राप्त हुई कि होटल के एक कमरे में एक युवक एवं एक युवती की तबीयत बिगड़ गई है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा दोनों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मौके के निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों द्वारा किसी विषैले पदार्थ का सेवन किया गया है। उनके परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। दोनों शवों का पंचायतनामा भरने की कार्यवाई प्रचलित है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)–** पर्यावरण संरक्षित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में कोंच नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था से जुड़े सदस्य भी आगे आए हैं। कोंच विकास खंड क्षेत्र के ग्राम नरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में साहित्यिक संस्था 'बागीश्वरी साहित्य परिषद' कोंच से जुड़े सदस्यों सहित समाजसेवियों एवं गणमान्य जनों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। परिषद के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार संतोष तिवारी, आशाराम मिश्रा, क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष चतुर्भुज चंदेरिया, वैदेहीशरण झा, अक्षत गुप्ता, डॉ हरपाल सिंह यादव, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधीक्षक डॉ ज्ञानचंद आदि अतिथियों ने माँ शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन किया, तदोपरांत विद्यालय के हेड मास्टर रामसनेही राजपूत, प्रधानाचार्य डॉ हरपाल सिंह यादव, सहायक अध्यापक रुचिर नायक, भीम प्रकाश, संगीता वर्मा, प्रीति खरे आदि ने स्वागत सम्मान किया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में फल, औषधि एवं छायादार युक्त अनेक पौधे रोपे और उन्हें सींचा। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच अतिथियों ने कहा कि पेड़ पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल करना वर्तमान परिस्थितियों में पुण्य समान है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पौधे अवश्य लगाएं और उनकी समुचित देखभाल भी करें तभी पौधारोपण का महत्व सार्थक रूप ले सकेगा। पेड़ पौधों के बगैर आने वाला भविष्य अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझने वाला है इसलिए पेड़ों को कटने से रोकने में आगे आयें। आज जो दैवीय आपदाएं सामने देखने को मिल रही हैं यह सब पर्यावरण के असंतुलन होने का ही नतीजा है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों सहित उनके अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कानपुर जोन में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता निष्पक्षता हेतु गोष्ठी

**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानपुर जोन के समस्त जनपद प्रभारियों के साथ दिनांक 13.07.2026 से प्रारम्भ होने वाली उ0प्र0 होमगार्ड्स-2025 भर्ती प्रक्रिया के संबंध में समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सहित भर्ती प्रक्रिया के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि भर्ती प्रक्रिया शासन की मंशा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाए। साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधा, कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारु भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना कानपुर जोन पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रेलवे सांसद समिति में टूण्डला कॉलेज का मुद्दा उठा

### कायाकल्प, एनसीसी बहाली और फिरोजाबाद में ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूण्डला।** उत्तर मध्य रेलवे की रेलवे सांसद समिति की बैठक शुक्रवार को प्रयागराज में सांसद सतीश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अधिकृत सांसद प्रतिनिधि एवं उत्तर मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने टूण्डला स्थित नॉर्थ सेंट्रल रेलवे कॉलेज के कायाकल्प सहित रेल यात्रियों से जुड़े कई जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए। श्रीकृष्ण गौतम ने वर्ष 1882 में स्थापित नॉर्थ सेंट्रल रेलवे कॉलेज की जर्जर हो चुकी विरासत इमारत के व्यापक कायाकल्प की मांग की। उन्होंने नए फर्नीचर, आधुनिक शौचालय, परिसर के सौंदर्यीकरण, विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा बंद हो चुकी एनसीसी इकाई को पुनः शुरू करने की मांग रखी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कॉलेज का निरीक्षण किया जा चुका है और आवश्यक कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। बैठक में उन्होंने फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (18109/18110) के ठहराव की मांग भी उठाई, जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही न्यू मक्खनपुर रेलवे स्टेशन के निकट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत वेयरहाउस निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की जानकारी दी गई। श्रीकृष्ण गौतम ने फिरोजाबाद और शिकोहाबाद रेलवे स्टेशनों पर पूर्व में बंद किए गए महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों के ठहराव को पुनः बहाल करने की भी मांग की। रेलवे अधिकारियों ने सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक में सांसद अनूप प्रधान बाल्मीकि, जितेंद्र कुमार दोहरे, जनार्दन मिश्रा, नरेश चंद्र उत्तम पटेल, गीता शाक्य, रमेश अवस्थी सहित उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह, मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल और मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की पूर्व संध्या पर हुआ पौधरोपण

कायाकल्प, एनसीसी बहाली और फिरोजाबाद में ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद –** आगामी 12 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' महा-अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण के ऐतिहासिक संकल्प को सफल बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद फिरोजाबाद में अभियान की पूर्व संध्या पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह महाअभियान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों, बूथ समितियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 10 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी बूथ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्र में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाएं तथा स्थानीय नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ें। साथ ही पौधरोपण के बाद पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्थायी योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के इस पावन अभियान को सफल बनाने तथा प्रत्येक बूथ को 'हरित बूथ' बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला महामंत्री आकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सावंत झा, जिला सह-संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन, अरविंद राघव, मनप्रीत कीर, शशांक, पंकज यादव, संजय चौहान सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक पेड़... माँ के नाम

एक संकल्प... हरियाली के नाम

प्रत्येक बूथ पर 10 पौधे – हमारा लक्ष्य, हमारा संकल्प।

## अछनिया-मालिगंवा मार्ग बना तालाब, जलभराव से ग्रामीणों का आवागमन हुआ दूभर

**लखीमपुर खीरी-** विकासखंड बेहजम के अंतर्गत अछनिया से मालिगंवा जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह जलभराव होने से राहगीरों, किसानों, विद्यार्थियों और क्षेत्रीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पानी भर जाने के कारण लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद ही सड़क तालाब का रूप ले लेती है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह पानी में डूबी हुई है, जिससे गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और खेती-किसानी के कार्यों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क की खराब स्थिति के कारण कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाने में भी कठिनाई हो रही है। स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सड़क की समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# अज़ान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी

### सड़क किनारे दुकानों में चढ़ रही मौत की ड्रिप, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** ब्लाक कुंभी क्षेत्र के अज़ान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना किसी वैध मेडिकल डिग्री के दर्जनों की संख्या में फर्जी डॉक्टर पिछले कई वर्षों से कस्बे में दुकानों में अवैध क्लीनिक चला रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन झोलाछापों की लापरवाही से अब तक कई मरीजों की जानें भी जा चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अबतक कुंभकर्णी नींद में है।लोगों के अनुसार सबसे बदतर हालात भगत बाबा रोड के हैं। यहां राजकीय विद्यालय के पास अवधेश कुमार उर्फ राममूर्ति खुद को डिग्रीधारी डॉक्टर बताकर मरीजों को ठग रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह झोलाछाप हर मर्ज की दवा देने का दावा करता है और खुलेआम सड़क किनारे मरीजों को ड्रिप चढ़ाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि खुले में ड्रिप चढ़ाने से संक्रमण, रिएक्शन और मौत का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों ने बताया कि खबर प्रकाशित होने के बाद अवधेश ने एक प्रतिष्ठित अखबार की एजेंसी लेने और अब खुद को पत्रकार बताकर लोगों पर रौब झाड़ता है। एजेंसी की आड़ में वह आज भी बेखौफ अवैध क्लीनिक चला रहा है। भगत बाबा रोड पर करीब चार अवैध क्लीनिक छोटी-छोटी किराए की दुकानों में संचालित हो रहे हैं। इनमें से किसी पर न तो डॉक्टर की डिग्री लिखी है और न ही क्लीनिक का बोर्ड लगा है।कस्बे की हर गली में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। इनके पास मेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। इनका मुख्य धंधा मरीजों को अनावश्यक पैथोलॉजी जांचें लिखकर मोटा कमीशन कमाना है, जबकि इन्हें जांच रिपोर्ट पढ़नी तक नहीं आती। सस्ते इलाज के झांसे में आकर ग्रामीण अपनी जान दांव पर लगा रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण इन फर्जी डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इनके लिए डॉक्टरी की डिग्री मायने नहीं रखती, सिर्फ 'एक्सपीरियंस' ही सर्टिफिकेट हैग्रामीणो ने मुख्य चिकित्साअधिकारी लखीमपुर खीरी से तत्काल छापेमारी कर सभी अवैध क्लीनिकों को सील करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने समूह की महिलाओं संग किया पौधरोपण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जे.वी. इंटर कॉलेज, अलीनगर केंजरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मी नारायण यादव तथा 'माता रानी' एवं 'श्री गणेश' स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाए रखने में समाज के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति जब किसी पौधे का संरक्षण करती है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का संचार करती है।उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी सहभागिता से यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप लेगा।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला मिशन प्रबंधक (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) ने भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भरता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी भानेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सतेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दतौजी नगर वन बनेगा पर्यटन केंद्र




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने दतौजी नगर वन का निरीक्षण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन क्षेत्र में हरित विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं प्रभागीय वनाधिकारी भानेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने वन क्षेत्र के बेहतर रखरखाव की सराहना करते हुए कहा कि दतौजी नगर वन को आमजन, पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाए। उन्होंने मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर बांस का रोपण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बांस की मजबूत जड़ें भूमि संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि दतौजी नगर वन न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है, बल्कि इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर जिले की पहचान भी बनाया जा सकता है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 20 दिन में दूसरी युवती चढ़ी 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर, प्रेमी से शादी की जिद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी:** प्यार में अपनी बात मनवाने के लिए अब मोबाइल टॉवर विरोध और दबाव का नया माध्यम बनते नजर आ रहे हैं। जिले में महज 20 दिनों के भीतर दूसरी बार एक युवती 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई और प्रेमी से शादी कराने की मांग पर अड़ गई। रविवार सुबह तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के खैरटिया गांव में जसनगर निवासी पायल अपने प्रेमी करन से शादी की जिद को लेकर 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। बताया गया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है, लेकिन युवती के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे तक समझाने और प्रेमी को बुलाने का आश्वासन देने के बाद युवती सुरक्षित नीचे उतर आई। तिकुनिया कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है और मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। गौरतलब है कि इससे पहले 22 जून को निघासन तहसील क्षेत्र के मंझली पुरवा में भी 26 वर्षीय एक युवती प्रेमी से शादी की मांग को लेकर 145 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई थी। उस समय भी पुलिस और स्थानीय लोगों की मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि क्या प्रेम संबंधों में अपनी बात मनवाने के लिए मोबाइल टॉवर अब विरोध




और दबाव का नया प्रतीक बनते जा रहे हैं? हालांकि, इस तरह के कदम न केवल जानलेवा हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी गलत संदेश देते हैं। किसी भी विवाद का समाधान संवाद और कानूनी तरीके से ही किया जाना चाहिए।

## छोटे किसानों को पूरी खाद बोरी देने का आदेश जारी

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश कृषि निदेशालय के नए आदेश का भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने स्वागत किया है। आदेश के अनुसार अब छोटे और सीमांत किसानों को भी कम से कम एक पूरी बोरी उर्वरक उपलब्ध कराई जाएगी। कोई भी उर्वरक विक्रेता कम भूमि का हवाला देकर किसानों को खुली खाद लेने के लिए मजबूर नहीं कर सकेगा।भाकियू (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि संगठन लंबे समय से खाद की कालाबाज़ारी और छोटे किसानों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज़ उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने प्रशासन से सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों की नियमित जांच कराने और आदेश का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं का कहना है कि इस व्यवस्था से छोटे किसानों को राहत मिलेगी और उर्वरक वितरण व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन कब्जा मुक्त कराने गई पुलिस पर पथराव। पुलिस कर्मी घायल।

**सीखड़ ।** चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीखड़ गांव में जमीन कब्जा कराने गई पुलिस पर विपक्षी द्वारा पथराव कर दिया, जिससे अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गई। सूचना पर तीन थानों की भारी पुलिस मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया।सन 85में सीखड़ गांव निवासी पारस सिंह ने ही गांव के ही छोटई, कल्लू सोनकर से जमीन रजिस्ट्री कराई थी ,जिस पर उन्ही के परिवार के लखपत व गिरधर सोनकरतभी से उक्त जमीन पर काबिज चलें आ रहें थे ।जिसका न्यायालय में काफी दिनों से मुकदमा चल रहा था। न्यायालय सिविल जज सिनियर डिविजन द्वारा 3जुलाई 2026को उक्त जमीन से कब्जा मुक्त कराने के लिए आदेश पारित किया गया, जिस को कब्जा मुक्त कराने शुक्रवार को चुनार थाना की भारी भरकम पुलिस मौके पर पहुंची।की अचानक पुलिस पर पथराव कर दिया जिससे उप निरीक्षक सरोज चौबे घायल हो गए। सूचना पर चुनार थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराते हुए उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

### थाना चिल्ह पुलिस द्वारा नाबालिक को बहला-फुसला के भगाने व धर्म परिवर्तन के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** चिल्ह थाना जनपद पर दिनांकः 07.07.2026 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादी की नाबालिक पुत्री को बहला-फुसला के भागाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-164/2026 धारा 87,61(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष चिल्ह को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 11.07.2026 को उप निरीक्षक संजय कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त आसिफ उर्फ लकी पुत्र मो0 आजाद निवासी ग्राम अवारी थाना मधौरा जनपद छपरा को अंतर्गत धारा 87,61(2) बीएनएस व 3/5(1) विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

### वृक्षारोपण प्रकृति के अनुदानो के प्रति हमारी कृतज्ञता का ज्ञापनःअमित कुमार पांडेय

**सहकारिता विभाग मे पौधो का शतप्रतिशत उठान पूर्ण**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -रविवार 12 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण महायज्ञ के लिये जनपद के सहकारिता विभाग ने सारी तैयारियाँ पूरी कर ली है।सभी दस विकासखंडो और सहकारी संस्थाओ के लिए 18500 पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने की रणनीति के बीच ब्लाक स्तरीय व जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियो की नियुक्ति कर दी गई है। पौधारोपण की पल पल की मानिटरिंग हेतु जनपद मुख्यालय मे कंट्रोलरूम गठित कर दिया गया है । शनिवार को राबर्टसगंज,कोन और घोरावल विकासखंडो के बीपैक्स सचिवो ने सरकारी पौधशालाओ से पौधो का उठान कर लिया। इसतरह पौधो के उठान का कार्य शतप्रतिशत पूरा हो गया। सहायक आयुक्त एवंसहायक निबंधक सहकारिता अमितकुमारपांडेय ने सभी बीपैक्स सचिवों,एडीओ और एडीसीओ को निर्देश दिए है कि रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम अपनी सतत निगरानी मे सफलतापूर्वक संपन्न करायें। सहायक आयुक्त ने कहा कि पौधारोपण करके हम एक तरह से प्रकृति के ऋण को भी चुकाते है।पेड़ो के बगैर जल जीवन और जमीन की कल्पना नही की जा सकती। उल्लेखनीय है कि सहकारिता विभाग द्वारा सभी बीपैक्स के अतिरिक्त जिलासहकारीबैंक, डीसीएफ,पीसीएफ,क्रय विक्रय समेत सभी सहकारी संस्थाओ को पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है।

# 02 शातिर मोटरसाइकिल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कस्तूरीपुर में बिरहा कार्यक्रम से दोनों शातिर चोरों द्वारा चोरी की गई थी मोटरसाइकिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



थाना-सुरियावां पर आवेदक राजनाथ पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम पंचायत सिंहपुर थाना सुरियावां जिला-भदोही द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 30-06-2026 को कस्तुरीपुर प्रा0 विद्यालय के बगल से मेरी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 211/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सुरियावां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई

अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद में घटित चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु किए जाने वाली कार्यवाही के क्रम में शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर आज दिनांक 11.07.2026 को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा अबरना रोड बंशीपुर गेट के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा कब्जें से मु0अ0सं0 211/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना सुरियावां जनपद भदोही से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि दिनांक-30.06.26 को रात्रि में ग्राम कस्तूरीपुर में बिरहा का आयोजन था कि हम दोनों लोग बिरहा सुनने आये थे कि मौका पाकर हम लोग मोटरसाइकिल चुराकर भाग गये थें। आज हम लोग रात्रि में मोटरसाइकिल बेंचने के लिए जा रहे थे कि आप लोग द्वारा पकड़ लिए गए।

# चुनार विधायक ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्तिपत्र वितरण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़ चुनार**, तहसील सभागार कक्ष में शुक्रवार को नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मुख्य अतिथि चुनार विधायक अनुराग सिंह ने नियुक्तिपत्र वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने नवचयनित सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि देश प्रदेश कि मोदी योगी कि सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही हैं। जिसके क्रम में आज आप लोगों को नियुक्तिपत्र दिया गया। आप लोग अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करें। कार्यक्रम को तहसीलदार इवेंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी सीखड़ डॉ नीलू मिश्रा, सीडीपीओ नरायनपुर रेनू पांडेय , सीडीपीओ जमालपुर रीता कुशवाहा ने सभागार में उपस्थित नवचयनित सहायिकाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनाते कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरीके से सहायिकाओं को मां यशोदा का दर्जा देकर सम्मान किए हैं उसी तरह आप लोगों को नन्हे मुन्हें बच्चों को जिम्मेदारी पूर्वक उनके घर से लाना और उन्हें उनके घर तक पहुंचाना भी है बच्चों को प्यार से पढ़ाना समझाना है। इस दौरान सीखड़ विकास खण्ड के 17, नरायनपुर के 50, जमालपुर के 73 सहायिकाओं को नियुक्तिपत्र दिया गया।नियुक्तिपत्र पाते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे कई महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से इस अवसर का इंतजार था। नियुक्ति पत्र मिलने से अब उन्हें रोजगार के साथ-साथ गांव की महिलाओं और बच्चों की सेवा करने का मौका मिलेगा। सहायिकाओं की जिम्मेदारी है कि वे केन्द्र पर समय से पहुंचकर बच्चों को पोषाहार, टीकाकरण और शिक्षा से जोड़ने का काम करें। गर्भवती और धात्री महिलाओं की देखभाल में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। सीडीपीओ सीखड़ ने सभी नव नियुक्त सहायिकाओं को सरकारी नियमों और कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने पर ही ग्रामीण क्षेत्र में पोषण और स्वास्थ्य का स्तर सुधरेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सहायिकाओं ने राष्ट्र और समाज की सेवा का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, मण्डल अध्यक्ष मंगरू साहनी, मुन्ना पांडेय, आलोक श्रीवास्तव,कृषन मोदनवाल, सुपरवाइजर नन्दिता तिवारी, कुमुद विश्वकर्मा, रेनू मौर्या सहित नवनीत आंगनवाड़ी सहायिका उपस्थित रहीं ही।

# ओबरा में मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल का हुआ उद्घाटन

**●महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रभावी निस्तारण को मिलेगी नई मजबूती**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा / सोनभद्र** -जनपद सोनभद्र में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के साथ-साथ साइबर अपराधों की रोकथाम को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को थाना ओबरा परिसर में मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श एवं सुरक्षा संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं, साइबर सेल के माध्यम से साइबर अपराधों की शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा तथा लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। अधिकारियों ने आमजन से अपील किया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी अथवा महिलाओं से संबंधित अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें तथा उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मादक पदार्थो के विनष्टीकरण/निस्तारण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान

**थाना जमालपुर पर पंजीकृत आबकारी अधिनियम के अभियोगों में बरामद कुल 3811 लीटर शराब का नियमानुसार कराया गया विनष्टीकरण**



**मीरजापुर ।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों में बरामद मादक पदार्थो के विनष्टीकरण/निस्तारण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के नेतृत्व में मा0न्यायालय तृतीय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट मीरजापुर के आदेश के क्रम थाना जमालपुर पर वर्ष 2014 से 2025 के मध्य आबकारी अधिनियम के कुल 252 अभियोगों से संबंधित 3560 लीटर अवैध देशी व 251 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (कुल 3811 लीटर अवैध शराब) का निस्तारण/विनिष्टीकरण कराया गया । इस दौरान मौके पर इवेन्द्र कुमार तहसीलदार चुनार, जटाशंकर मिश्र क्षेत्राधिकारी चुनार, उप निरीक्षक अमित कुमार थानाध्यक्ष थाना जमालपुर व बिरजू प्रसाद गुप्ता आबकारी निरीक्षक मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत उचेठा में धारा 67(5) के न्यायालय वाद का किया स्थलीय निरीक्षण

**● भीमराज बनाम हीरालाल' प्रकरण में मौके पर पहुंचकर की तथ्यपरक जांच की,**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** जनपद भदोही की तहसील औराई अंतर्गत ग्राम पंचायत उचेठा में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने 'न्याय आपके द्वार' अभियान के क्रम में धारा 67(5) से संबंधित न्यायालय वाद संख्या डी202616670000049 'भीमराज यादव बनाम हीरालाल'यादव आदि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विवादित स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए मौके की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित राजस्व अभिलेखों एवं प्रकरण से जुड़े तथ्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता एवं निष्पक्षता के साथ सुना। साथ ही अधिकारियों से प्रकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के निस्तारण में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विधिसम्मत प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों में प्रत्येक कार्रवाई उपलब्ध अभिलेखों, साक्ष्यों एवं न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही की जानी चाहिए, जिससे किसी भी पक्ष के साथ अन्याय की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय के आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रकरण के प्रत्येक पहलू की तथ्यपरक जांच कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विवादों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इससे आमजन का प्रशासन एवं न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास सुदृढ़ होता है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी औराई श्याम मणि त्रिपाठी, तहसीलदार मिश्री सिंह चौहान, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार



**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा वाहनों की चोरी एवं बिक्री की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/वाहनों की बरामदगी सहित प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 11.07.2026 को उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर स्टेशन रोड़ मोड के पास से मोटरसाइकिल सवार 01 अभियुक्त शिवा गुप्ता उर्फ शिव गुप्ता पुत्र गौरीशंकर गुप्ता निवासी रेहड़ा चुंगी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को चोरी की मोटरसाइकिल पैशन प्रो के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-190/2026 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

# मदिरा एवं मीट-मछली दुकान संचालकों की विशेष बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन एवं शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोपीगंज तथा थाना प्रभारी ऊंज द्वारा अपने-अपने थाना परिसर में आगामी सावन माह कांवड़ यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के होटल, ढाबा, मदिरा विक्रेता तथा मीट-मछली दुकान संचालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक में थाना प्रभारी गोपीगंज एवं थाना प्रभारी ऊंज ने संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सावन मास में कांवड़ यात्रा के दौरान भदोही जिले में लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही होने वाली है। इस दौरान कानून-व्यवस्था, सार्वजनिक शांति तथा स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**बैठक में सामूहिक रूप से दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

1.सभी होटल व ढाबा संचालक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, भोजन सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा उचित दामों पर सेवा प्रदान करें।

2.मीट-मछली दुकानें पूर्ण स्वच्छता के साथ चलाई जाएं, कूड़ा-करकट का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

3.यात्रा मार्गों पर अतिक्रमण न किया जाए तथा पार्किंग व्यवस्था का सम्मान किया जाए।

4.किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवैध कारोबार की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस अथवा उच्चाधिकारियों को दी जाए।

5.श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा किसी भी शिकायत की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी गोपीगंज एवं थाना प्रभारी ऊंज ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सीखड़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री दिलीप सिंह पटेल का गृह सीखड़ विकासखंड में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अदलपुरा,** मगरहा सहित विभिन्न चौराहों पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत पुरन पट्टी लॉन में भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री दिलीप सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, गरीब कल्याण और अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों की तैयारी में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। समारोह में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल ने किया उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नारायण सिंह जिला मंत्री आलोक सिंह संध्या सिंह प्रमोद कुमार पांडेय सीखड़ मंडल प्रभारी राजबहादुर सिंह राहुल त्रिपाठी रणवीर प्रताप सिंह जय हिन्द सिंह राजेश कुमार सिंह प्रदीप कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह संजय मिश्रा अनुप कुमार सिंह एस पी पाठक नीरज सिंह प्रेम कुमार सिंह संचालन महामंत्री आनंद शर्मा ने किया

# जनपद के समस्त थानों पर 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास

**● जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं**

**शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त रूप से टीमों का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाले 'थाना समाधान दिवस' के क्रम में आज दिन शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।इसी क्रम में समस्त थानों पर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों के साथ उपस्थिति रह कर किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का ,गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जनता के शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त कुल- 105 (राजस्व विभाग से सम्बंधित 96 व पुलिस-09) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग का 06 तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित सभी 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

### अनपरा पुलिस ने दुष्कर्म एवं धमकी देने के आरोप में किया एक अभियुक्त को गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा / सोनभद्र** -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में थाना अनपरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 151/2026, धारा 64(1), 351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त प्रदीप पाल पुत्र भागवत पाल, निवासी ग्राम पोड़ी, थाना गढ़वा, जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश), उम्र लगभग 22 वर्ष को दिनांक 11.07.2026 को समय 10:57 बजे लोझरा चढ़ाई क्षेत्र से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया। वादिनी द्वारा थाना अनपरा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था कि अभियुक्त ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अनपरा पर मु0अ0सं0 151/2026, धारा 64(1), 351(3) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के उपरांत पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जितेन्द्र कुमार यादव,उ0नि0 अशोक सिंह, हे0का0 रामु राजभर शामिल रहे। जनपद पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - जनपद में आयोजित होने वाले पौधारोपण महाभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागवार पौधारोपण लक्ष्य, तैयारियों, जनभागीदारी तथा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंडलायुक्त श्री राजेश प्रकाश ने निर्देश दिए कि सभी विभाग शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पौधारोपण सुनिश्चित करें। प्रत्येक पौधारोपण स्थल की जियो टैग फोटोग्राफी निर्धारित समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा अभियान के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल लक्ष्य पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा, संरक्षण एवं नियमित देखभाल की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे पौधों के जीवित रहने की दर अधिकतम हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वृहद स्तर पर पौधारोपण करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों तथा आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर इसे सफल बनाया जाए। बैठक में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि मंडलायुक्त द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करेंगे तथा जियो टैग फोटोग्राफ सहित सभी आवश्यक सूचनाएं समय से उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के संचालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### द्वारका को निवेश का बड़ा हब बनाने की तैयारी, LG तरनजीत सिंह संधू ने निवेशकों से की चर्चा

**दिल्ली।** कुतुब गोल्फ कोर्स परिसर में बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने विकसित दिल्ली को लेकर निवेशकों संग संवाद किया। इस दौरान द्वारका को एक बड़े आर्थिक और व्यावसायिक केंद्र के तौर पर विकसित करने के उपायों पर चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि एशिया के सबसे बड़े नियोजित उप-नगरों में से एक होने के नाते, द्वारका निवेश के लिए एक प्रमुख डेस्टिनेशन के तौर पर उभरने की अनूठी स्थिति में है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास होना, बेहतरीन कनेक्टिविटी और विकसित होता शहरी इकोसिस्टम मिलकर इसे अलग-अलग सेक्टर में निवेश के लिए तैयार करते हैं, जिससे कामर्स, हास्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अवसर पैदा होते हैं। निवेशकों ने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च और इनोवेशन सुविधाओं, एक सुव्यवस्थित सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम और आसान अनुमोदन प्रक्रियाओं के ज़रिए द्वारका और दिल्ली में निवेशकों के लिए ज़्यादा अनुकूल इकोसिस्टम बनाने का सुझाव दिया।

# गृहमंत्री अमित शाह ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन

## यह पुस्तकालय युवाओं को परीक्षा की तैयारी और व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आज यानी शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोक नायक जेपी के नाम एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता समेत कई नेता मौजूद रहें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एक शानदार पुस्तकालय का उद्घाटन हो रहा है। कहा, 'गृहमंत्री के हाथों से उद्घाटन होना गर्व की बात है।' एनडीएमसी की टीम ने मेहनत से कार्य किया है। सीएम रेखा ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास की बयार बह रही है।

**बच्चों के लिए लाभकारी होगा पुस्तकालय**

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की छोटी-छोटी समस्याएं थीं, अब वह खत्म हो रही है। दिल्ली विकसित दिल्ली की ओर बढ़ रही है। दिल्ली में इस बार जलभराव की कम समस्या देखने को मिल रही है। कहा कि उसमें प्रवेश वर्मा की मेहनत है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए लाभकारी होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण दिन है। महान स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक जेपी के नाम से पुस्तकालय की शुरुआत हो रही है। देश की तरक्की का आकंलन करना है तो युवा लाइब्रेरी को देखना चाहिए। युवाओं से अपील है कि पुस्तकालय से जुड़ें। व्यक्तित्व में निखार आएगा। अमित शाह ने कहा, 'मेरे कस्बे में पुस्तकालय था, मैं भी वहां से जुड़ा था। उससे मेरे जीवन बदलाव आया।'

**10 विधानसभाओं के बच्चों को जोड़ें**

उन्होंने कहा, 'बचपन में अलाउद्दीन का चिराग पढ़ता था और आज वेद व उपनिषद तक पहुंच गए, मुझे पता नहीं चला। मैंने अपने संसदीय इलाके में प्रयोग किया है। मैंने अपने हर गांव में पुस्तकालय शुरू किया है। चार मोबाइल वैन जरूरत की पुस्तकें उपलब्ध कराती हैं। दिल्ली की 10 विधानसभाओं के बच्चों को जोड़ें। एक युवा पढ़ने की आदत बना लेगा तो वह अच्छे बुरे का चयन स्वयं कर लेगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'लाइब्रेरी का मेरे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। दिल्ली सरकार से आग्रह है कि लाइब्रेरी को एक साथ लिंक करें। पुस्तक प्रेमियों को जोड़ने का काम करें। जब तक दिनकर को नहीं पढ़ते हैं तो देश को नहीं जान सकते हैं। किशोरों की रूचि के विषय तय करने चाहिए। ये दिल्ली के युवाओं के लिए बहुत बड़ा मौका है। जेपी के नाम पर पुस्तकालय का नाम रखने के लिए एनडीएमसी के लिए आभार।' उन्होंने कहा जेपी विदेश में पढ़े लेकिन, धरातल पर जीने वाले व्यक्ति ने आपातकाल का डटकर विरोध किया। हर विचारधारा के नेताओं को जेल में डाल दिया। जब दिनकर ने कहा था... अंधेरे में एक प्रकाश... जय प्रकाश का नारा दिया। सत्ता पर सजग होकर बैठा जाता है। अंधे होकर नहीं। उन्होंने कहा कि जेपी ने लोकतंत्र की रक्षा की। मैंने जेपी को बचपन में सुना था कि देश पीएम से नहीं भारतीयों से बनता है।

# रिश्वतखोर पटवारी गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लुधियाना जिले के राजस्व हलका घौल खुर्द में तैनात पटवारी गुरजीत सिंह को 3,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई गांव घौल खुर्द, थाना मलौद निवासी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके माता-पिता का वर्ष 2016 में निधन हो चुका है।

उसकी माता के नाम पर गांव घौल खुर्द में तीन बिस्वा भूमि थी, जिसकी विरासत का इंतकाल शिकायतकर्ता और उसके छह भाई-बहनों के नाम दर्ज होना था। शिकायतकर्ता ने सभी आवश्यक दस्तावेज आरोपी पटवारी को सौंप दिए, लेकिन इंतकाल दर्ज करने के एवज में उसने 5,000 रुपये रिश्वत की मांग की। बाद में बातचीत के दौरान सौदा 3,500 रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड भी कर ली। रिश्वत देने से इनकार करते हुए शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो, लुधियाना रेंज से संपर्क किया। शिकायत की जांच के बाद ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में जाल बिछाकर आरोपी पटवारी को शिकायतकर्ता से 3,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना, लुधियाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### गाजियाबाद के निर्माणाधीन मॉल में 7 साल की बच्ची की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन के निर्माणाधीन मॉल में एक सात साल की बच्ची की सिर में लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से पहले बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की आशंका है। इस मामले में पुलिस अभी दो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बच्ची के माता-पिता निर्माणाधीन मॉल में ही कामगार हैं। कल शुक्रवार शाम करीब 7 बजे उसे अंतिम बार देखा गया था। उसके बाद बच्ची का कुछ पता नहीं चला। रात 10 बजे तक बच्ची जब वापस नहीं आई तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। बताया कि रात एक बजे पुलिस को बच्ची की गुमशुदगी की सूचना दी गई। इसके बाद रात में ही निर्माणाधीन मॉल में ही बच्ची का शव लहूलुहान हालत में बरामद हुआ है। परिजनों के अनुसार, बच्ची का शव निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट में मिला है। उनका आरोप है कि बच्ची के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम प्रियाश्री पाल का कहना है कि बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही दुष्कर्म की पुष्टि होगी। मामले में दो संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है।

### पंजाब में दुकानों के साइन बोर्ड पर पंजाबी भाषा अनिवार्य, भगवंत मान सरकार ने जारी किए सख्त निर्देश

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने राज्यभर में दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड पर पंजाबी (गुरमुखी) भाषा को प्रमुखता से लिखे जाने संबंधी नियमों को सख्ती से लागू कराने के निर्देश जारी किए हैं। श्रम विभाग ने सभी सहायक श्रम आयुक्तों और श्रम-सह-सुलह अधिकारियों को पंजाब शॉप्स एंड कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट्स (प्रथम संशोधन) नियम, 2023 के नियम 23 और 24 का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सरकार की ओर से जारी निर्देश सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं केएस राजू लीगल ट्रस्ट के चेयरमैन डा. जगमोहन सिंह राजू की ओर से मुख्य सचिव को दिए गए प्रतिनिधित्व के बाद जारी किए गए हैं। अपने प्रतिनिधित्व में डा राजू ने कहा था कि नियम लागू होने के तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद राज्य में बड़ी संख्या में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान अब भी पंजाबी में साइन बोर्ड नहीं लगा रहे हैं या फिर कानून के अनुरूप पंजाबी को प्रमुखता नहीं दे रहे हैं।

### घग्गर का तेज बहाव बना जानलेवा, दोस्त डूबा तो बचाने कूदा युवक भी बह गया

**मोहाली।** घग्गर नदी में बढ़े जलस्तर और तेज बहाव के बीच शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। मछली पकड़ने गए तीन दोस्तों में से एक का पैर फिसलने के बाद उसे बचाने के प्रयास में दूसरा युवक भी नदी में कूद गया। दोनों तेज बहाव में लापता हो गए, जबकि तीसरे युवक ने नदी किनारे उगी झाड़ियों और पेड़ों की जड़ों को पकड़कर किसी तरह अपनी जान बचा ली। देर शाम तक पुलिस और रेस्क्यू टीम की ओर से तलाश अभियान जारी रहा, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका। मनीमाजरा स्थित इंदिरा कॉलोनी निवासी चंदा, सुरिंदर और दर्शन दोपहर करीब ढाई बजे भांखरपुर के पास घग्गर नदी में मछली पकड़ने पहुंचे थे। तीनों नदी के बहते पानी में कांटे डालकर मछली पकड़ रहे थे। दर्शन का संतुलन बिगड़ गया और वह तेज बहाव में बहने लगा। अपने दोस्त को बचाने के लिए सुरिंदर बिना देर किए नदी में कूद गया, लेकिन पानी का वेग इतना अधिक था कि वह भी बहाव की चपेट में आ गया। दोनों को बचाने के प्रयास में चंदा भी पानी में फंस गया, लेकिन उसने सूझबूझ दिखाते हुए नदी किनारे उगी झाड़ियों और पेड़ों की जड़ों को पकड़ लिया, जिससे उसकी जान बच गई।

# वर्ल्ड बैंक टीम ने सरफेस वॉटर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

## 42% कार्य प्रगति पर संतोष, निर्माण गुणवत्ता और नागरिक सुविधाओं की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना।** वर्ल्ड बैंक के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लुधियाना सरफेस वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर इसकी प्रगति की समीक्षा की। प्रतिनिधिमंडल ने अब तक हुई 42 प्रतिशत भौतिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण गुणवत्ता, पर्यावरण एवं सामाजिक मानकों के पालन तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। रोसाना निट्टी (टास्क टीम लीडर), जॉयी (अर्बन स्पेशलिस्ट) और मारिया लुइसा डुरान फरगास (सीनियर सोशल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट) के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता पारुल गोयल, प्रोजेक्ट मैनेजर गुरविंदर पाल सिंह, तकनीकी अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन, पर्यावरण एवं सामाजिक सुरक्षा मानकों तथा श्रमिक सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम द्वारा हाल ही में शुरू की गई मानसून हेल्पलाइन और व्हाट्सएप चैटबॉट की भी सराहना की। उन्होंने इसे नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की दिशा में प्रभावी पहल बताया।

### दिल्ली में फुटपाथ पर बन रहे श्वङ्क चार्जिंग स्टेशन, पैदल यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**दिल्ली।** राजधानी के ट्रैफिक में चलना किसी दुरूह कार्य से कम नहीं। पैदल चलना उससे भी बड़ा जोखिम। हालांकि पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ बने हैं, जो उनका अधिकार भी है। पर अतिक्रमण के चलते ये कई जगह सिमट गए हैं तो कई जगह पर पैदल वालों के अधिकारों पर डाका भी डाल दिया गया है। घनी आबादी वाले इलाकों और कालोनियों में जहां फुटपाथ पर पैदल चलने की जगह भी मुश्किल से है, वहां ईवी चार्जिंग स्टेशन और बैट्री स्वैपिंग सेंटर बनाए जा रहे हैं। स्थिति यह कि सड़क पर वाहन खड़ा कर चार्जिंग करने से जाम की समस्या बढ़ रही है। दूसरी ओर पैदल चलने के लिए फुटपाथ भी नहीं मिल रहा है। वहीं सड़क पर पैदल चलने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जामिया से मोदी मिल मार्ग पर सुखदेव विहार लाल बत्ती पर भी फुटपाथ पर ही चार्जिंग स्टेशन बनाया है।

# गौशालाओं की सुरक्षा को मिलकर करें सुनिश्चित : प्रेम भगत

## गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने समीक्षा बैठक कर गोलेवाला गौशाला का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फरीदकोट।** पंजाब राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष प्रेम भगत ने सोमवार को जिला प्रशासन, संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं गौशाला प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर निराश्रित गोवंश की सुरक्षा, गौशालाओं की व्यवस्थाओं तथा संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने सरकारी गौशाला गोलेवाला का निरीक्षण कर पशुओं की देखभाल, चारे, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में प्रेम भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गौशालाओं के संरक्षण और गोवंश के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को समय पर सरकारी अथवा पंजीकृत गौशालाओं तक पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की संयुक्त जिम्मेदारी है। अधिकारियों को इस दिशा में आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि पंजाब राज्य गौ सेवा आयोग गौशालाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना पर काम कर रहा है। नगर परिषदों एवं अन्य स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि निराश्रित गोवंश को गौशालाओं तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाए। बैठक में गौ उपकर (काऊ सेस) की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा गौ रक्षा प्रकोष्ठ को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की ओर से गौशालाओं के कल्याण के लिए शीघ्र ही 30 लाख रुपये की गौ उपकर राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिला योजना बोर्ड के अध्यक्ष एस. गुरतेज सिंह खोसा ने कहा कि पंजाब सरकार जनसहयोग से गौशालाओं के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों के समन्वय से गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और मजबूत करेगा तथा निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पुनीत शर्मा ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन सरकारी गौशाला में पशुओं की देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा तथा सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ पालन किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्गेश शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नवीन कुमार, जिला यातायात प्रभारी वकील सिंह, उप निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. सुरजीत सिंह मल, डॉ. जसविंदर गर्ग, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अमृत लाल, जैतो के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) इकबाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली अवैध शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

## 1,794 बोतल शराब और कार समेत तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने हरियाणा से दिल्ली में अवैध शराब की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1,650 क्वार्टर अवैध शराब, 144 बोतल प्रीमियम अंग्रेजी शराब तथा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मारुति ऑल्टो कार बरामद की है। इस संबंध में फतेहपुर बेरी थाना में दिल्ली आबकारी अधिनियम की धाराओं 33/52 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई की तड़के स्पेशल स्टाफ के हेड कांस्टेबल सुनील कुमार को सूचना मिली थी कि हरियाणा के गुरुग्राम स्थित गांव बंधवाड़ी का रहने वाला सतीश बड़ी मात्रा में अवैध शराब मारुति ऑल्टो कार से हरियाणा से दिल्ली ला रहा है और डेरा मंडी मेन रोड से होकर गुजरेगा। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में एएसआई सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल रविंद्र शुक्ला, हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और कांस्टेबल खोइचुंग बी. ऐमोल की टीम ने एसीपी (ऑपरेशंस) ऋतुराज के पर्यवेक्षण में फार्म नंबर-28, डेरा मंडी के पास जाल बिछाया। कुछ देर बाद संदिग्ध मारुति ऑल्टो कार को रोककर चालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान सतीश (29 वर्ष), पुत्र जीतराम, निवासी गांव बंधवाड़ी, गुरुग्राम (हरियाणा) के रूप में हुई। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 33 कार्टन में रखे 1,650 क्वार्टर अवैध शराब और तीन कार्टन में रखी 144 बोतल प्रीमियम अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब की खेप और कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपी हरियाणा से सस्ती शराब खरीदकर निजी वाहन के जरिए तड़के दिल्ली लाता था और स्थानीय शराब तस्करों व अवैध विक्रेताओं को ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था। पुलिस की नजर से बचने के लिए वह कम आवाजाही वाले रास्तों और सुबह के समय का इस्तेमाल करता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज हैं। वर्ष 2025 में सनलाइट कॉलोनी थाना तथा वर्ष 2024 में मैदानगढ़ी थाना में उसके खिलाफ अवैध शराब तस्करी के मामले दर्ज किए जा चुके हैं।दक्षिण जिला के पुलिस उपायुक्त अनन्त मित्तल (आईपीएस) ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की सटीक सूचना और त्वरित कार्रवाई से हरियाणा-दिल्ली के बीच सक्रिय अवैध शराब तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े शराब सप्लायर, रिसीवर और अन्य सहयोगियों की पहचान कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

# स्पेशल ओलंपिक तैराक भाविक अटवाल सम्मानित

## उपायुक्त ने खेल उपलब्धियों की सराहना, बताया युवाओं के लिए प्रेरणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जालंधर।** उपायुक्त वरजीत वालिया ने शहर के स्पेशल ओलंपिक तैराक भाविक अटवाल को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने भाविक की मेहनत, लगन और संघर्ष की सराहना करते हुए उन्हें समाज एवं विशेष बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उपायुक्त ने कहा कि भाविक अटवाल ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से यह साबित कर दिया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर हर चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाविक ने न केवल अपने माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विशेष बच्चों के लिए भी प्रेरणा बने हैं। भाविक अटवाल ने स्पेशल ओलंपिक तैराकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता-2024 (मांड्या, कर्नाटक) में 25 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक, 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक तथा 25म4 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने स्पेशल ओलंपिक इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2016 (मुंबई) में 25 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक तथा स्पेशल ओलंपिक पंजाब-2017 (पटियाला) में 25 मीटर और 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में दो रजत पदक अपने नाम किए थे। हाल ही में आयोजित एक अन्य तैराकी प्रतियोगिता में भी भाविक ने 25 मीटर और 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए पंजाब सरकार ने उन्हें खेल प्रोत्साहन के रूप में 1.35 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की है।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैट्री फटने से घर में लगी आग, लपटों से घिरा परिवार ग्रिल काटकर भागा

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन स्थित पहली मंजिल के मकान के बाहरी हिस्से में शुक्रवार रात आग लग गई। पीड़ित परिवार ने ग्रिल काटकर रास्ता बनाया और नीचे कूदकर जान बचाई। बताया जा रहा है कि स्कूटी की बैट्री निकालकर कमरे में रख ली थी, जो देर रात अचानक फट गई। हालांकि, समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन निवासी निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि मकान में प्रथम तल पर पत्नी और दो बेटों के साथ किराये पर रहते हैं। बारिश के कारण कॉलोनी में जलभराव हो गया था। उन्होंने अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की बैट्री निकाल कर कमरे में रख ली। देर रात अचानक बैट्री फट गई। इससे वहां रखे गद्दे और अन्य सामान ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग मकान के अगले हिस्से में फैल गई। कमरे में धुआं भरने पर उन्हें आग लगने की जानकारी हुई। आग के कारण वह बाहर नहीं निकल पाए। वह पत्नी और बच्चों को मकान के पीछे के हिस्से में ले गए। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को एकत्र किया। उन्होंने कमरे की लगी ग्रिल काटकर बाहर निकलने का रास्ता बनाया।

### दिल्ली में पिस्तौल के बल पर 16 लाख की लूट

**दिल्ली।** गांधी नगर थाना क्षेत्र की राजगढ़ कॉलोनी में शुक्रवार रात स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर 16 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश नकदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। देर शाम तक आरोपितों का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस के अनुसार, एसडी एंटरप्राइजेज का एक कर्मचारी गीता कॉलोनी से 16 लाख रुपये नकद लेकर राजगढ़ कॉलोनी स्थित दुकान पर पहुंचा था। वह दुकान के बाहर ही था कि पीछे से स्कूटी पर आए दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि एक बदमाश ने पिस्तौल तानकर कर्मचारी को धमकाया, जबकि दूसरे ने उसके हाथ से नकदी से भरा बैग छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित स्कूटी से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपितों की पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। साथ ही बदमाशों के भागने के संभावित मार्गों की भी जांच की जा रही है।

# अंबेडकर नगर थाना पुलिस की सतर्कता से ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस की अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में अंबेडकर नगर, तिगड़ी और महरौली थाना क्षेत्रों से चोरी हुए वाहन शामिल हैं। इस कार्रवाई से वाहन चोरी के चार मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई को अंबेडकर नगर थाना पुलिस की टीम जी-ब्लॉक, दक्षिणपुरी में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में टीवीएस मोपेड धक्का देकर ले जाते देखा। पूछताछ के दौरान वह वाहन के स्वामित्व संबंधी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। वाहन का सत्यापन करने पर पता चला कि यह मोपेड थाना अंबेडकर नगर में दर्ज एक वाहन चोरी के मामले में चोरी की गई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान 29 वर्षीय मोहम्मद कासिम उर्फ गुल्ली, निवासी दक्षिणपुरी के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन अन्य चोरी के दोपहिया वाहन भी बरामद किए। बरामद वाहनों में एक टीवीएस मोपेड, दो हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक होंडा एक्टिवा स्कूटर शामिल हैं।जांच में सामने आया कि आरोपी रिहायशी इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना निगरानी के खड़े दोपहिया वाहनों को निशाना बनाता था। चोरी किए गए वाहनों को बेचकर वह नशे और शराब की लत पूरी करने के लिए पैसे जुटाता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में थाना मालवीय नगर तथा वर्ष 2021 में थाना अंबेडकर नगर में उसके खिलाफ वाहन चोरी और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इस कार्रवाई से थाना अंबेडकर नगर के दो, थाना तिगड़ी का एक और थाना महरौली का एक वाहन चोरी का मामला सुलझा है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। यह कार्रवाई एसएचओ अंबेडकर नगर इंस्पेक्टर दिलीप कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल धर्म सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल मलिक, हेड कांस्टेबल अनूप और कांस्टेबल गिरिराज की टीम ने एसीपी सीआर पार्क के पर्यवेक्षण में की। दक्षिण जिला के डीसीपी अनन्त मित्तल ने पुलिस टीम की सतर्कता और कार्रवाई की सराहना की है।

# रील पर कट्टा दिखाकर झाड़ रहा था रौब, दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** इंटरनेट मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ वीडियो प्रसारित कर रौब झाड़ने वाले दो झपटमारों को जाफराबाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और झपटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने दावा किया है कि दोनों की गिरफ्तारी से हाल में हुई एक लूट और एक मोबाइल झपटमारी की वारदात का भी पर्दाफाश हुआ है। पुलिस के अनुसार, इंटरनेट मीडिया की निगरानी के दौरान पता चला कि 'ballu dada jafrabadi ' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक युवक अवैध हथियारों के साथ वीडियो प्रसारित कर रहा है। सूचना का सत्यापन करने के बाद एसएचओ इंस्पेक्टर तनवीर अशरफ के नेतृत्व में एएसआई जावेद, हेड कांस्टेबल नफीस, हेड कांस्टेबल सनी और कांस्टेबल उधम की टीम ने भजनपुरा सब-डिवीजन प्रभारी दीपक चंद्र की निगरानी में 10 जुलाई को घोंडा चौक स्थित पंचवटी पार्क में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान अंकुर विहार, लोनी (गाजियाबाद) निवासी 22 वर्षीय अरमान को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी में एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में जाफराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।पूछताछ में अरमान ने 23 जून को हुई एक लूट और नौ जुलाई को हुई मोबाइल झपटमारी की वारदात अपने साथी रिहान (19) के साथ मिलकर करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चौहान बांगर निवासी रिहान को भी गिरफ्तार कर लिया। रिहान के कब्जे से झपटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने अरमान का मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया। उसमें चाकू और अवैध हथियारों के साथ बनाए गए कई वीडियो मिले हैं। पुलिस इन वीडियो की जांच कर रही है कि उनका संबंध किसी अन्य आपराधिक गतिविधि से तो नहीं है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपितों का अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपितों ने देसी कट्टा कहां से हासिल किया और क्या वे अन्य आपराधिक घटनाओं में भी शामिल रहे हैं।

### गाजियाबाद में खुले बिजली के पोल बन रहे जानलेवा

विद्युत निगम की लापरवाही से करंट उतरने के कारण इंदरिपुरम के ज्ञान खंड-एक में सिक्योरिटी गार्ड बबलू और टीला मोड़ की इकबाल कालोनी में आठ वर्षीय अयान की जान चली गई, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार नहीं जागे। ट्रांस हिंडन के इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, कौशांबी, मोहननगर, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर समेत ज्यादातर इलाकों में बिजली के लोहे के पोल को पालीथिन से कवर नहीं किया गया है। कालोनियों की गलियों में तो दूर की बात मुख्य मार्गों पर भी बिजली के खंभों को कवर नहीं किया गया है। यहां तक की विद्युत निगम के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर भी बिजली के खंभे हादसे का इंतजार कर रहे हैं। कार्यालयों के सामने के मार्गों पर भी पोल कवर नहीं किए गए हैं। कई जगह पोल गलने के कारण गिरने की कगार पर हैं। जबकि वर्षा के दौरान पोल में करंट उतरने का खतरा कई गुना तक बढ़ जाता है।

# आज ललितपुर में होगा 93.63 लाख पौधों का महाअभियान

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा महायज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 12 जुलाई को पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इस महाअभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में होगा। इसी क्रम में जिले में भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसमें वन विभाग सहित 26 अन्य विभागों की सहभागिता से 93 लाख 63 हजार 400 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएफओ के अनुसार यह महाअभियान 12 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान सरकारी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वन विभाग पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी

जिले में सर्वाधिक 50 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य वन विभाग को दिया गया है। इसके अलावा अन्य विभागों को भी व्यापक लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। ग्राम्य विकास विभाग 20.18 लाख, कृषि विभाग 6.60 लाख, राजस्व विभाग 2.02 लाख, पंचायती राज विभाग 2.80 लाख, आवास एवं विकास विभाग 2.54 लाख, उद्यान विभाग 3.63 लाख, सिंचाई विभाग 2.16 लाख, शिक्षा विभाग 1.30 लाख, पशुपालन विभाग 1.30 लाख, लोक निर्माण विभाग 52 हजार तथा अन्य विभाग भी अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पौधरोपण करेंगे।

### प्रकृति संरक्षण का जन आंदोलन बनेगा अभियान

वन विभाग का कहना है कि यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण तैयार करने का सामूहिक प्रयास है। यह प्रकृति, वन एवं वन्यजीवों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जनपदवासियों से की गई विशेष अपील

वन विभाग ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वह एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ते हुए अपने घर, खेत, विद्यालय, कार्यालय या सार्वजनिक स्थान पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संरक्षण का भी संकल्प लें। विभाग ने कहा है कि जनसहभागिता से ही यह महावृक्षारोपण अभियान सफल होगा और ललितपुर को हरित एवं पर्यावरणीय रूप से समृद्ध बनाने का लक्ष्य साकार हो सकेगा।

# वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं : डॉ राकेश केसरवानी

## माँ शांति आईटीआई एवं डिग्री कॉलेज में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में माँ शांति आईटीआई संस्थान एवं एमएसडी लॉ कॉलेज, बाबूगंज, फूलपुर, प्रयागराज में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. राकेश केसरवानी ने कहा कि 'वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।' उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योगेश केसरवानी, केंद्र प्रबंधक आलोक गुप्ता, एम. ए. सिद्दीकी, धीरेंद्र रंजन, अजय द्विवेदी, अबुल कलाम, राम बहादुर, अतुल यादव, धर्मजीत यादव एवं अंदाज अहमद सहित संस्थान के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर का विकास तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को सफल बनाने तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया।

# केपी बस स्टैंड के पास युवक गिरफ्तार, तीन मोबाइल और नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन रखने और संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तीन मोबाइल फोन तथा 300 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार 11 जुलाई 2026 को थाना जार्जटाउन की टीम ने केपी बस स्टैंड के पास से गौरव पाण्डेय (21) पुत्र रामविलास पाण्डेय, निवासी चाकघाट, थाना सोहागी, जनपद रीवा (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन मोबाइल फोन और 300 रुपये नकद बरामद हुए। बरामद मोबाइल फोनों में एक सैमसंग तथा दो ओप्पो कंपनी के मोबाइल शामिल हैं। पुलिस ने बरामद मोबाइलों के आईएमईआई नंबरों का भी सत्यापन शुरू कर दिया है, ताकि उनके वास्तविक स्वामियों की पहचान की जा सके। इस बरामदगी के आधार पर थाना जार्जटाउन में मु0अ0सं0 110/2026 के तहत धारा 304(2) एवं 317(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एक करोड़ से अधिक कीमत की 515 ग्राम स्मैक बरामद, अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एनटीएफ), अपराध शाखा कमिश्नरेट प्रयागराज एवं थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 515 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर, जिसकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 1 करोड़ 3 लाख रुपये बताई गई है, बरामद की गई। इसके अलावा 7,060 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और एक राउटर भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, शनिवार को मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत यूनिवर्सिटी के पीछे स्थित सरस्वती हाईटेक सिटी रोड से आलोक त्रिपाठी (42 वर्ष) पुत्र ब्रह्मानंद, निवासी किदवई नगर, थाना नरैनी, जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को मणिपुर के इम्फाल से ट्रकों के माध्यम से मंगवाता था और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करता था। उसने बताया कि वह बरामद स्मैक की खेप बेचने के लिए सुनसान स्थान पर ग्राहक का इंतजार कर रहा था। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वर्ष 2020 में दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में स्पेशल सेल ने उसे 3 किलोग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह मोबाइल में सिम कार्ड का इस्तेमाल नहीं करता था। वह राउटर के माध्यम से इंटरनेट चलाकर केवल व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए संपर्क करता था। बरामद नकदी को उसने स्मैक की बिक्री से प्राप्त रकम बताया।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में मु.अ.सं. 108/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ प्रयागराज के धूमनगंज, दारागंज तथा दिल्ली के रोहिणी थाना क्षेत्र में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं।इस कार्रवाई को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस एवं नारकोटिक्स टास्क फोर्स, अपराध शाखा कमिश्नरेट प्रयागराज की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया।

## धान की कुटाई के दौरान दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकअभयराम गांव स्थित श्यामलाल का पुरा में शुक्रवार शाम धान की कुटाई के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक भाजपा नेता के भतीजे के रूप में भी बताया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित पिता मनीष कुमार गौतम पुत्र फूलचंद ने बताया कि शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 को शाम करीब 4:30 बजे गांव में धान की कुटाई के लिए एक महिन्द्रा ट्रैक्टर आया था। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान उनका तीन वर्षीय पुत्र सत्या उर्फ अंकुश ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन तत्काल मासूम को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार, मृतक के चाचा बबलू पेंटर भाजपा चाका मंडल में मंत्री हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने लगे।

# हंडिया में ट्रक की टक्कर से शिक्षामित्र की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षामित्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया तथा दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वाराणसी जनपद के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर गांव निवासी रीता देवी (42) अपने पति अरविंद पटेल के साथ शनिवार सुबह बाइक से प्रयागराज स्थित शिक्षा निदेशालय जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक हंडिया थाना क्षेत्र के बगहां गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रीता देवी सड़क पर गिर गईं और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके पति अरविंद पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हंडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल अरविंद पटेल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्रक और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

# कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर राम जानकी मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी रेलवे स्टेशन स्थित श्री राम जानकी मंदिर में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के पुनःप्राप्त जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया तथा कैबिनेट मंत्री नंदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर पार्षद राकेश जायसवाल, जिला संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि कृष्णा (बबलू) तिवारी, नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, सेक्टर संयोजक जय कृष्णा



तिवारी, मंदिर प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया, पत्रकार राकेश गुप्ता (बच्चा), विनोद जायसवाल, गुड्डू गैरेज, घनश्याम जायसवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने धार्मिक वातावरण में सुंदरकांड का श्रवण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया तथा कैबिनेट मंत्री नंदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनकल्याण की कामना की।इस अवसर पर पार्षद राकेश जायसवाल, जिला संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि कृष्णा (बबलू) तिवारी, नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, सेक्टर संयोजक जय कृष्णा तिवारी, मंदिर प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया, पत्रकार राकेश गुप्ता (बच्चा), विनोद जायसवाल, गुड्डू गैरेज, घनश्याम जायसवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

### सोमेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालु का मोबाइल चोरी, यूपीआई से खाते से एक लाख रुपये उड़ाए

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे एक श्रद्धालु का मोबाइल चोरी होने के बाद साइबर ठगों ने उसके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर नैनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, चकबबुरा अलीमाबाद निवासी संजय कुमार द्विवेदी 15 जून 2026 की सुबह लगभग 9 बजे सोमेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। आरोप है कि मोबाइल हाथ लगने के बाद चोर ने उसी का इस्तेमाल कर यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने 10 जुलाई 2026 को नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### महरौनी में रक्तदान शिविर, महिलाओं ने दिखाई अग्रणी भागीदारी

**महरौनी।** अखिल भारतीय महिला परिषद, सुर सुंदरी इकाई शाखा महरौनी द्वारा ईशानिका मेमोरियल फाउंडेशन टीम के सहयोग से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजसेवा और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष पवन मोदी, डॉ. शैलेन्द्र मलैया, राजा चौधरी, नरेंद्र मलैया,अंकित चौधरी, अंकुश कठरया सहित अखिल भारतीय महिला परिषद की पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# प्रदेश के 1.40 लाख विद्यालयों का होगा सुरक्षा ऑडिट, नैनी में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** प्रदेश के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों को सुरक्षित और आपदा-प्रतिरोधी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्कूल सेफ्टी एंड रिस्क असेसमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित संस्था बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (BCCL) द्वारा नैनी स्थित लेट बेला सिंह आईटीआई संस्थान में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।

10 जुलाई से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 12 जुलाई तक चलेगा। इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के लगभग 1.40 लाख सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों का



सुरक्षा एवं जोखिम आकलन (School Safety & Risk Assessment) किया जाएगा। प्रयागराज प्रशिक्षण केंद्र में वर्तमान में प्रदेश के 15 जनपदों से आए फील्ड ऑडिटर एवं डिजास्टर एक्सपर्ट को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्कूल सेफ्टी ऑडिट की कार्यप्रणाली, भवनों की स्ट्रक्चरल एवं नॉन-स्ट्रक्चरल सुरक्षा का मूल्यांकन, संभावित आपदा जोखिमों की पहचान, फायर एवं इलेक्ट्रिकल सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांत, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रह एवं रिपोर्टिंग तथा गुणवत्तापूर्ण ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। केंद्र प्रबंधक शिवम शुक्ला एवं परियोजना प्रबंधक सौरभ सिंह ने बताया कि इस बैच के बाद फायर सेफ्टी एक्सपर्ट तथा सिविल एक्सपर्ट के लिए भी तीन-तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत तीनों विशेषज्ञों की संयुक्त टीम प्रदेशभर के विद्यालयों में सुरक्षा एवं जोखिम आकलन का कार्य करेगी।

# नदी-नालों और तालाबों के किनारे हो सघन वृक्षारोपण : सुनील शर्मा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में चल रहे वृक्षारोपण महाअभियान को अधिक प्रभावी और स्थायी बनाने के उद्देश्य से आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। संस्था अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा ने मांग की है कि जिले के सभी छोटे-बड़े नदी, नालों और तालाबों के किनारों को भी वृक्षारोपण अभियान में प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सकें। डीएफओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद के सभी नदी-नालों की दोनों पट्टियों तथा तालाबों के चारों ओर सघन पौधारोपण कराया जाए। जलस्रोतों के समीप लगाए गए पौधों को पर्याप्त नमी और पानी आसानी से उपलब्ध होता रहेगा, जिससे उनके जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। इससे पौधों के रखरखाव पर होने वाले अतिरिक्त खर्च और सिंचाई की समस्या भी काफी हद तक कम हो सकेगी। संस्था अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यदि जल स्रोतों के आसपास बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाता है तो इससे न केवल क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि मिट्टी का कटाव भी रुकेगा, भूजल संरक्षण को बल मिलेगा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वच्छ हवा, अधिक ऑक्सीजन और प्राकृतिक वातावरण का लाभ प्राप्त होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नदी, नाले और तालाबों के आसपास विकसित होने वाली हरित पट्टियां जनपद के सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह पहल भविष्य में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने और जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने प्रशासन और वन विभाग से अपील की है कि वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत जनपद के सभी प्रमुख एवं छोटे जलस्रोतों का सर्वे कर उन्हें योजना में शामिल किया जाए। संस्था का कहना है कि यदि इस सुझाव को अमल में लाया जाता है तो ललितपुर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जल संवर्धन के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम कर सकता है।

# वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जन-जन का अभियान बनाएं : अपर आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत 12 जुलाई को जिले में होने वाले व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में झांसी मंडल की अपर आयुक्त प्रियंका निरंजन ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन-जन का अभियान बनाया जाए, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। अपर आयुक्त ने विभागवार निर्धारित लक्ष्यों, पौधों की उपलब्धता, गडढों की तैयारी, रोपण स्थलों की व्यवस्था, सिंचाई एवं पौधों के संरक्षण की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनआंदोलन का रूप ले, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, शिक्षण संस्थानों, युवाओं, महिलाओं, बच्चों तथा विशेष रूप से सहरिया जनजाति के लोगों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अपर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण कराया जाए। साथ ही पौधों की गुणवत्ता, समय पर उपलब्धता, गडढों की तैयारी, सिंचाई व्यवस्था और पौधों के संरक्षण की समुचित कार्ययोजना पहले से तैयार रहे, जिससे लगाए गए पौधे लंबे समय तक सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन, जल संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस महाअभियान से जोड़ते हुए इसे उत्सव के रूप में मनाया जाए। समीक्षा के दौरान विभागवार तैयारियों का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी रोपण स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं तथा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल अभियान की सफलता का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए प्रत्येक विभाग इसकी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 12 जुलाई को जनपद ललितपुर में कुल 9 लाख 30 हजार 340 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें वन विभाग को सर्वाधिक 5 लाख पौधों, ग्राम्य विकास विभाग को 2 लाख 1 हजार 800, कृषि विभाग को 66 हजार, पंचायती राज विभाग को 52 हजार, राजस्व विभाग को 39 हजार 800, शिक्षा विभाग को 36 हजार 400 तथा नगर विकास विभाग को 30 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया है। शेष लक्ष्य अन्य विभागों को उनके कार्यक्षेत्र एवं उपलब्ध भूमि के अनुसार आवंटित किए गए हैं। अपर आयुक्त प्रियंका निरंजन ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूर्ण किया जाए तथा पौधरोपण के बाद उनके संरक्षण एवं नियमित निगरानी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान के दीर्घकालिक और सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकें। बैठक में वन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


# मणिपुर में सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान, असम राइफल्स हमले के बाद सर्च ऑपरेशन तेज

## लीलोन वैफेई अपहरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्यमंत्री बोले– दोषियों को नहीं बख्शेंगे




**इंफाल/उखरूल(एजेंसी)।** मणिपुर में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों के बीच सुरक्षा बलों ने बड़े स्तर पर संयुक्त अभियान शुरू किया है। उखरूल जिले में असम राइफल्स के काफिले पर हुए घातक हमले के बाद तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। वहीं, लीलोन वैफेई अपहरण मामले में राज्य सरकार ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए शेष आरोपियों की तलाश तेज करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, छह जुलाई को उखरूल पुलिस थाना क्षेत्र के नुंगशोंग खोंग इलाके में असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला किया गया था। इस हमले में वारंट अधिकारी बलवंत सिंह और हवलदार सी।एम। सिंह शहीद हो गए थे। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, संदिग्ध उग्रवादियों ने काफिले को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। हमले के बाद असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और मणिपुर पुलिस ने उखरूल जिले के नुंगशांग क्षेत्र में संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। सुरक्षा बल आवासीय इलाकों, संवेदनशील मार्गों और आसपास के जंगलों में सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं। अभियान का उद्देश्य हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करना, संभावित हथियारों के ठिकानों का पता लगाना और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस बीच, नागा उग्रवादी संगठन एनएससीएन (आईएम) ने हमले में किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इनकार किया है। संगठन ने बयान जारी कर कहा कि वह केंद्र सरकार के साथ युद्धविराम समझौते और शांति प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्ध है तथा ऐसी किसी भी गतिविधि का समर्थन नहीं करता जो वार्ता प्रक्रिया को प्रभावित करे। उधर, मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने लीलोन वैफेई अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई का भरोसा देते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों द्वारा चिन्हित पांच संदिग्धों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की प्राथमिकता है तथा इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 मई को तीन पादरियों की हत्या के बाद संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने लीलोन वैफेई क्षेत्र से करीब 18 लोगों को बंधक बना लिया था। इनमें से 12 लोगों को बाद में रिहा कर दिया गया, जबकि छह लोगों का अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा कि मैखान गांव के दौरे के दौरान पीड़ित परिवारों ने पांच संदिग्धों की पहचान की थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।


# खामेनेई के अंतिम संस्कार में ट्रंप विरोधी नारे गूंजे, अमेरिका ने ईरान को दी कड़ी चेतावनी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान उनकी हत्या का खुले तौर पर आह्वान किए जाने के बाद शनिवार को ईरान को धमकी दी। इससे पश्चिम एशिया में जारी तनाव एक बार फिर उजागर हुआ है, जहां युद्ध समाप्त करने के लिए हुआ अंतरिम समझौता क्षेत्र में बार-बार हो रहे हमलों के कारण कमजोर पड़ता जा रहा है।ट्रंप की इस टिप्पणी से पहले अमेरिका ने ईरान से सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने की मांग की है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले पोतों पर अब हमले नहीं किए जाएंगे। तेहरान ने अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। इसके बजाय उसने कहा है कि यह समुद्री मार्ग उसके नियंत्रण में रहना चाहिए और वहां से गुजरने वाले पोतों से उसे शुल्क वसूलने की अनुमति मिलनी चाहिए। ईरान का यह रुख होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग मानने की दशकों पुरानी व्यवस्था के विपरीत है। अमेरिका कुछ दिनों से ईरान को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले कर रहा है जिसके जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों पर हमले किए हैं। ये हमले इस सप्ताह की शुरुआत में होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर ईरान के हमले के बाद शुरू हुए थे। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, ''एक हजार मिसाइलें तैयार हैं और उनका निशाना ईरान है। अगर ईरान सरकार अपनी धमकी पर अमल करती है तो इसके तुरंत बाद हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।'' ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ''ईरान के सभी क्षेत्रों को पूरी तरह तबाह और नष्ट कर देगी।'

**ट्रंप की इस टिप्पणी से पहले अमेरिका ने ईरान से सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने की मांग की है कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले पोतों पर अब हमले नहीं किए जाएंगे। तेहरान ने अब तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। इसके बजाय उसने कहा है कि यह समुद्री मार्ग उसके नियंत्रण में रहना चाहिए और वहां से गुजरने वाले पोतों से उसे शुल्क वसूलने की अनुमति मिलनी चाहिए। ईरान का यह रुख होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग मानने की दशकों पुरानी व्यवस्था के विपरीत है। अमेरिका कुछ दिनों से ईरान को निशाना बनाकर फिर से हवाई हमले कर रहा है जिसके जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों पर हमले किए हैं। ये हमले इस सप्ताह की शुरुआत में होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन पोतों पर ईरान के हमले के बाद शुरू हुए थे।**

# रात को सोने से पहले जरूर करें ये काम, रहेंगी हेल्दी



अच्छी सेहत सिर्फ सही खानपान और नियमित व्यायाम से ही नहीं, बल्कि रात की अच्छी दिनचर्या से भी जुड़ी होती है। दिनभर की भागदौड़ के बाद शरीर और दिमाग को आराम देने के लिए सोने से पहले अपनाई गई कुछ अच्छी आदतें आपकी नींद की गुणवत्ता और अगले दिन की ऊर्जा पर सकारात्मक असर डाल सकती हैं। वहीं, देर रात तक मोबाइल चलाना, अनियमित समय पर सोना या भारी भोजन करना जैसी आदतें स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। अगर आप चाहते हैं कि सुबह तरोताजा महसूस करें और लंबे समय तक स्वस्थ रहें, तो सोने से पहले अपनी दिनचर्या में कुछ आसान बदलाव करना फायदेमंद हो सकता है। सोने का समय तय रखें और स्क्रीन से बनाएं दूरी अच्छी नींद के लिए रोजाना लगभग एक ही समय पर सोने और उठने की कोशिश करें। इससे शरीर की प्राकृतिक बॉडी क्लॉक संतुलित रहती है। सोने से कम से कम 30 से 60 मिनट पहले मोबाइल, लैपटॉप या टीवी जैसी स्क्रीन से दूरी बनाना भी फायदेमंद माना जाता है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी (ब्लू लाइट) नींद आने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। इसकी जगह किताब पढ़ना, हल्का संगीत सुनना या शांत माहौल में समय बिताना बेहतर विकल्प हो सकता है। रात में बहुत ज्यादा तला-भुना या भारी भोजन करने से पाचन प्रभावित हो सकता है और नींद में भी परेशानी हो सकती है। कोशिश करें कि रात का खाना सोने से दो से तीन घंटे पहले खा लें और भोजन हल्का व संतुलित रखें। यदि देर रात भूख लगे, तो हल्का और पौष्टिक विकल्प चुनें। सही समय पर और संतुलित मात्रा में भोजन करने से शरीर को आराम मिलता है और पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। दिनभर का तनाव और मानसिक थकान कई बार नींद को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में सोने से पहले कुछ मिनट गहरी सांस लेने, मेडिटेशन या हल्के रिलैक्सेशन अभ्यास करने से मन शांत हो सकता है। यह तनाव कम करने और शरीर को आराम की स्थिति में लाने में मदद कर सकता है। यदि आप पहली बार ऐसा कर रहे हैं, तो कुछ मिनट से शुरुआत करें और अपनी सुविधा के अनुसार समय बढ़ाएं। अच्छी नींद के लिए बेडरूम का वातावरण भी महत्वपूर्ण होता है। कमरे को साफ, शांत और आरामदायक रखें। बहुत तेज रोशनी या शोर से बचें और तापमान ऐसा रखें, जिसमें आपको आराम महसूस हो। सोने से पहले अगले दिन की जरूरी चीजें व्यवस्थित कर लेने से भी मन हल्का महसूस कर सकता है। यदि आपको लंबे समय से नींद आने में कठिनाई, बार-बार नींद टूटने या लगातार थकान जैसी समस्या हो रही है, तो किसी योग्य डॉक्टर से सलाह लेना उचित रहेगा। नियमित और स्वस्थ रात की दिनचर्या लंबे समय में आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों के लिए लाभदायक हो सकती है।

# 'द इंडिया स्टोरी' से कोर्टरूम ड्रामा में नजर आएंगी काजल अग्रवाल



**फिल्म के प्रमोशन के दौरान काजल ने कहा कि कोर्टरूम ड्रामा हमेशा से उनकी पसंदीदा शैली रही है। वह लंबे समय से ऐसी चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली फिल्म की तलाश में थीं। उन्होंने कहा कि इस किरदार ने उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद को और बेहतर तरीके से परखने का अवसर दिया। काजल के अनुसार, इस फिल्म में कई भावनात्मक दृश्य ऐसे थे जिन्हें निभाने के लिए उन्हें अभिनय करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वह उन पलों को वास्तविक रूप से जी रही थीं और आंसू, भावनाएं तथा संघर्ष पूरी तरह स्वाभाविक थे।**

**बोलीं- लंबे समय से ऐसी फिल्म का था इंतजार, 24 जुलाई को होगी रिलीज**

अभिनेत्री काजल अग्रवाल अपनी आगामी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' के जरिए पहली बार दमदार कोर्टरूम ड्रामा में नजर आएंगी। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। काजल का कहना है कि वह लंबे समय से ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थीं और इस फिल्म ने उनकी यह इच्छा पूरी कर दी। फिल्म में काजल अग्रवाल एडवोकेट अर्चना की भूमिका निभा रही हैं, जो एक आम नागरिक की ओर से उन शक्तिशाली कॉर्पोरेट कंपनियों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ती हैं, जिन पर लोगों की जान जोखिम में डालने के आरोप हैं। कोर्टरूम ड्रामा और इन्वेस्टिगेटिव कहानी के माध्यम से फिल्म फूड सेफ्टी, कॉर्पोरेट जवाबदेही और पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम मुद्दों को उठाती है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान काजल ने कहा कि कोर्टरूम ड्रामा हमेशा से उनकी पसंदीदा शैली रही है। वह लंबे समय से ऐसी चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली फिल्म की तलाश में थीं। उन्होंने कहा कि इस किरदार ने उन्हें एक कलाकार के रूप में खुद को और बेहतर तरीके से परखने का अवसर दिया। काजल के अनुसार, इस फिल्म में कई भावनात्मक दृश्य ऐसे थे जिन्हें निभाने के लिए उन्हें अभिनय करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वह उन पलों को वास्तविक रूप से जी रही थीं और आंसू, भावनाएं तथा संघर्ष पूरी तरह स्वाभाविक थे। उनका मानना है कि समय के साथ उनकी अभिनय क्षमता में परिपक्वता और गहराई आई है। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वही होती है, जब वह अभिनय करना भूलकर पूरी तरह अपने किरदार में जीने लगे। उनके मुताबिक, इस फिल्म में उन्हें ऐसा अनुभव मिला, जिसने उनके अभिनय को नई ऊंचाई दी। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ अभिनेता श्रेयस तलपड़े भी मुख्य भूमिका में हैं। 'द इंडिया स्टोरी' में कीटनाशकों के दुरुपयोग, खाद्य पदार्थों में मिलावट और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। निर्माताओं के अनुसार, 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों पर अभद्र टिप्पणियां करने और दस्तावेज़ फेंकने वाले वादकारी को अदालत कक्ष से बाहर करवाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट में उस वक्त हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब एक मामले की पैरवी खुद कर रहे याचिकाकर्ता ने पहले जजों को 'न्यायिक सेवक' कहकर संबोधित किया। ये वकील इतने में भी नहीं रूका और फिर सुप्रीम कोर्ट के जजों को आदेश देने की कोशिश की और इसके बाद कथित तौर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। इसके बाद जब कोर्टरूम स्टॉफ ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो याचिकाकर्ता ने कोर्टरूम में कागज भी हवा में उछाल दिए। हालात बिगड़ते देख सुरक्षाकर्मियों ने उसे कोर्टरूम से बाहर निकाल दिया। हालांकि, पूरे घटनाक्रम के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने उसके खिलाफ अवमानना या दूसरी दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं करने का फैसला किया। याचिकाकर्ता की टिप्पणी पर पीठ में शामिल जस्टिस केवी विश्वनाथन ने हैरानी जताई। उन्होंने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या वह अदालत और न्यायाधीशों को आदेश दे रहा है? इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। आरोप है कि याचिकाकर्ता ने CJI सूर्यकांत के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, उसने अपने हाथ में मौजूद कागजात भी हवा में उछाल दिए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कोर्टरूम में मौजूद वकील और अन्य लोग हैरान रह गए। याचिकाकर्ता के व्यवहार को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के सुरक्षाकर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सुरक्षाकर्मी प्रबल प्रताप को कोर्टरूम से बाहर लेकर गए। बताया गया कि कुछ समय तक उसे अदालत परिसर में छ्रस्क्क कार्यालय के अंदर रोका गया। इसके बाद सबसे बड़ा सवाल उठा कि क्या याचिकाकर्ता के खिलाफ पुलिस में स्नढ्ढक्र दर्ज होगी या अदालत की अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी? सुप्रीम कोर्ट में हंगामा करने वाले याचिकाकर्ता की पहचान प्रबल प्रताप के रूप में बताई गई है।

वह पेशे से वकील बताया जा रहा है और अपने मामले में स्वयं याचिकाकर्ता के रूप में अदालत के सामने पेश हुआ था। मामले की सुनवाई के दौरान प्रबल प्रताप ने पीठ के सामने अपनी मांग रखते हुए जजों को 'न्यायिक सेवक' कहकर संबोधित किया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण रही। अदालत के कामकाज में व्यवधान और न्यायाधीशों के खिलाफ कथित अपशब्दों के इस्तेमाल के बावजूद पीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ अवमानना या दूसरी दंडात्मक कार्यवाही शुरू नहीं करने का फैसला किया। जस्टिस केवी विश्वनाथन ने स्पष्ट किया कि अदालत उसके खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रस्ताव नहीं करती। अदालत ने याचिकाकर्ता के मामले से जुड़े दस्तावेजों का अध्ययन करने के बाद उसकी विशेष अनुमति याचिका (SLP) भी खारिज कर दी। मामले में अदालत की एक टिप्पणी ने सभी का ध्यान खींचा। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि याचिकाकर्ता बहुत परेशान था और उसका व्यवहार उसकी हताशा का नतीजा था। अदालत ने कहा कि उसे याचिकाकर्ता के प्रति केवल सहानुभूति है।

# लापता है कुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा? केरल हाईकोर्ट ने रद्द की पुलिस सुरक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** वायरल गर्ल मोनालिसा एक बार फिर चर्चाओं में हैं। वजह है कि केरल हाई कोर्ट ने आज शुक्रवार को मोनालिसा को सुरक्षा देने की बात कहने वाले अपने पिछले आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में पुलिस को मोनालिसा को सुरक्षा देने की बात कही गई थी, जब उनके पति पर उनके अपहरण का आरोप लगा था। लड़की के वकील पी।एस। अनीशाद ने बताया कि पुलिस ने जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस को बताया कि जब उन्होंने सुरक्षा आदेश को लागू करने की कोशिश की, तो लड़की का पता नहीं चल सका। वकील अनीशाद ने कहा कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि जब लड़की सुरक्षा की मांग करते हुए संपर्क करे, तो उसे सुरक्षा दी जाए। कोर्ट ने कहा कि अंतरिम आदेश रद्द किया जाता है। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। पुलिस सुरक्षा का हाई कोर्ट का आदेश लड़की की उस याचिका पर आया था, जिसमें उसने अपनी जान की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार और एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन के एसएचओ को निर्देश देने की मांग की थी। लड़की के पति फरमान पर उसके अपहरण का आरोप है। यह मामला मध्य प्रदेश पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर दर्ज किया था, जिन्होंने दावा किया है कि वह नाबालिग है। मोनालिसा तब वायरल हो गई थीं, जब एक कंटेंट क्रिएटर ने पिछले साल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुंभ मेले में रुद्राक्ष की माला बेचते हुए उनका एक वीडियो शेयर किया था।

**लड़की के वकील पी।एस। अनीशाद ने बताया कि पुलिस ने जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस को बताया कि जब उन्होंने सुरक्षा आदेश को लागू करने की कोशिश की, तो लड़की का पता नहीं चल सका। वकील अनीशाद ने कहा कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि जब लड़की सुरक्षा की मांग करते हुए संपर्क करे, तो उसे सुरक्षा दी जाए। कोर्ट ने कहा कि अंतरिम आदेश रद्द किया जाता है। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।**

# मासूम आरव हत्याकांड में कातिल विराज को फांसी; सजा सुनते ही रो पड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद की यादव कॉलोनी में 30 मई को दिनदहाड़े डेढ़ साल के मासूम आरव की बेरहमी से सड़क पर आठ बार पटक कर हत्या के आरोपी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक निवासी शेखूपुर, सिविल लाइंस, बदायूं को जिला जज डा। बब्बू सारंग की अदालत ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई। इससे पहले बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया था। सजा सुनते ही विराज रोने लगा। पुलिस अभिरक्षा में विराज उर्फ जितेंद्र पाठक को पुलिस दोपहर ढाई बजे करीब जेल से कोर्ट लेकर पहुंची थी। यहां अभियोजन और बचाव पक्ष के सामने अदालत ने आरोपी को बच्चे की हत्या का दोषी करार दिया। अदालत ने कहा, अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्य पूर्ण हैं। घटना बेहद जघन्य है। विराज को सजा का एलान होने के बाद पुलिस उसे वापस जेल ले गई। इस दौरान उसके चेहरे पर सजा का खौफ साफ था। इधर, मृतक आरव की नानी पिंकी देवी भी पहुंची थी। उन्होंने सजा पर खुशी जताई। शिकोहाबाद की यादव कॉलोनी में 30 मई की दोपहर विराज उर्फ जितेंद्र पाठक ने रिश्ते की भाभी रति से शादी करने की जिद पूरी न होने पर उसके डेढ़ साल के मासूम बेटे आरव को सड़क पर बेरहमी से आठ बार पटक–पटककर मार डाला था। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोनों पैरों में गोली लगी थी। मूल रूप से अरांव निवासी रति देवी की शादी फरवरी 2024 में बदायूं निवासी सुमित कुमार से हुई थी। पति से अनबन के कारण वह 5 महीने से मायके में रह रही थी। इसी का फायदा उठाकर सुमित के फुफेरे भाई विराज उर्फ जितेंद्र पाठक निवासी शेखूपुर, बदायूं ने रति को मदद के भरोसे में लेना शुरू कर दिया। इसके बाद रति के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे रति ने ठुकरा दिया था। 30 मई को रति अपनी मां पिंकी देवी के साथ कानूनी राय लेने शिकोहाबाद आई थी। आरोपी विराज भी वहां पहुंच गया था। मासूम आरव को टॉफी दिलाने के बहाने बाहर ले गया था। घर से 50 मीटर दूर सुनसान सड़क पर उसने मासूम को 27 सेकंड के भीतर लगातार 8 बार पक्की सड़क पर पटका। बच्चे की मौत के बाद वह शव को दरवाजे पर फेंककर भाग गया था।

**सजा सुनते ही विराज रोने लगा। पुलिस अभिरक्षा में विराज उर्फ जितेंद्र पाठक को पुलिस दोपहर ढाई बजे करीब जेल से कोर्ट लेकर पहुंची थी। यहां अभियोजन और बचाव पक्ष के सामने अदालत ने आरोपी को बच्चे की हत्या का दोषी करार दिया। अदालत ने कहा, अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्य पूर्ण हैं। घटना बेहद जघन्य है। विराज को सजा का एलान होने के बाद पुलिस उसे वापस जेल ले गई।**

# चेक बाउंस मामलों में हाईकोर्ट ने एक्टर राजपाल यादव को सुनाई तीन महीने की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस के सात मामलों में दोषी ठहराए जाने का फैसला बरकरार रखते हुए प्रत्येक मामले में तीन महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसले में राजपाल यादव को प्रत्येक मामले में 1।05 करोड़ रुपये का जुर्माना अदा करने का भी निर्देश दिया। इसमें से 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपये शिकायतकर्ता को और 25 हजार रुपये राज्य को दिए जाएंगे। अदालत ने राजपाल यादव की पत्नी राधा यादव को भी प्रत्येक मामले में 5 लाख 51 हजार 380 रुपये शिकायतकर्ता को अदा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, श्री नवरंग गोदावरी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का नाम कंपनी रजिस्ट्रार के अभिलेख से पहले ही हटाया जा चुका है। ऐसे में सत्र न्यायालय के आदेश के अनुसार कंपनी को केवल चेतावनी देकर छोड़ने के आदेश को भी हाईकोर्ट ने बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा कि सेशन कोर्ट ने शिकायतकर्ता को पहले से किए गए भुगतान को ध्यान में रखते हुए ही जुर्माने की राशि तय की थी और उसमें कोई कानूनी त्रुटि नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता को पहले ही 2।25 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अंतिम देय राशि की गणना करते समय इस रकम का समायोजन किया जाएगा। फैसले में अदालत ने कहा कि पहले की सुनवाई के दौरान एक पीठ इस मामले को गुण–दोष के आधार पर सुनने के पक्ष में नहीं थी। हालांकि, राजपाल यादव ने विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने की इच्छा जताई, इसलिए उन्हें राहत दी गई और कई अवसर दिए गए। हाईकोर्ट ने कहा कि बार–बार अवसर दिए जाने और अदालत के समक्ष दिए गए आश्वासनों के बावजूद राजपाल यादव ने समझौते की शर्तों का पालन नहीं किया। अंत में उन्होंने शिकायतकर्ता को कोई और भुगतान करने से इनकार कर दिया और यहां तक कहा कि वह जेल जाने के लिए तैयार हैं। अदालत ने टिप्पणी की, 'यदि कोई पक्षकार अदालत में दिए गए अनेक आश्वासनों का पालन करने के बजाय जेल जाना चुनता है तो यह उसका अपना निर्णय है। कानून कोई पटकथा नहीं है, जिसे किसी अभिनेता की इच्छा के अनुसार बदला जा सके।

अदालतें सभी के लिए समान रूप से कानून लागू करती हैं और वर्तमान पक्षकार भी इसका अपवाद नहीं हो सकता। ' हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि राजपाल यादव का आचरण ऐसा नहीं है कि उन्हें परिवीक्षा पर रिहाई का विवेकाधीन लाभ दिया जाए। हालांकि, अदालत ने राजपाल यादव को इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने के लिए दो महीने का समय दिया। अदालत की कार्यवाही राजपाल यादव और उनकी पत्नी द्वारा दायर उन रिविजन याचिकाओं पर हुई, जिनमें उन्होंने सेशंस कोर्ट के 2019 के फैसले को चुनौती दी थी। दरअसल, सेशंस कोर्ट ने अप्रैल 2018 में मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा चेक–बाउंस के मामलों में उन्हें दोषी ठहराए जाने के फैसले को बरकरार रखा था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिनेता को छह महीने की सजा सुनाई थी। साल 2010 में राजपाल यादव ने अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'अता पता लापता' बनाने के लिए मुर्गली प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से पांच करोड़ रुपये की राशि लोन के रूप में ली थी। 'अता पता लापता' बॉक्स ऑफिस पर चली नहीं। कथित तौर पर राजपाल यादव को आर्थिक नुकसान हुआ।

कर्ज के रूप में ली गई कंपनी की धनराशि वे लौटा नहीं पाए। कंपनी ने राजपाल यादव के खिलाफ केस किया और साथ ही यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने लोन वापस करने के लिए जो कुछ चेक जारी किए थे वे सभी बाउंस हो गए। एक्टर के खिलाफ चेक बाउंस का केस दर्ज किया गया। ये चेक फिल्म प्रोडक्शन के लिए दिए गए थे, लेकिन पैसे नहीं मिले।